दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 55/ अंक 06/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 21 जुलाई 2025 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in




खजराना गणेश के सिर पर सजेगा 6 किलो के सोने का मुकुट, चांदी से निखरेगा मंदिर का गर्भगृह

प्रधानमंत्र नरेंद्र मोदी ने विपक्ष से कहा-

# ऑपरेशन सिंदूर पूरी तरह सफल दुनिया ने हमारा सैन्य सामर्थ्य देखा

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र से पहले पीएम मोदी ने कहा कि यह मानसून सत्र देश के लिए बेहद गौरवपूर्ण है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के कदम रखने और ऑपरेशन सिंदूर में उसके पराक्रम का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि इस दशक में शांति और प्रगति देखी गई, लाल गलियारा अब हरित विकास क्षेत्र में बदल रहा है। 2014 से पहले मुद्रास्फीति दर दहाई अंक में हुआ करती थी, अब यह लगभग दो प्रतिशत है।



मुद्रास्फीति कम है और विकास दर ऊंची है। प्रधानमंत्री मोदी ने बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के सांसदों और उनकी पार्टियों के विदेश दौरे की सराहना की और कहा कि उन्होंने सकारात्मक माहौल बनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने सशस्त्र बलों के पराक्रम का बखान करते हुए सांसदों और विभिन्न राजनीतिक दलों से एकता का संदेश देने की अपील की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मानसून नवाचार और नव सृजन का प्रतीक है। अब तक मिली खबरों के अनुसार, देश में यह मौसम बहुत अच्छा चल रहा है। कृषि के लिए लाभकारी मौसम की खबरें आ रही हैं।

### तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे

उन्होंने कहा, आर्थिक क्षेत्र में जब आप सभी ने 2014 में हमें जिम्मेदारी दी थी, तब देश नाजुक पांच के दौर से गुजर रहा था। 2014 से पहले हम वैश्विक अर्थव्यवस्था में 10वें नंबर पर थे। आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारतीय संविधान नक्सलवाद के विरुद्ध विजयी हो रहा। पीएम मोदी ने कहा, आज हमारे सुरक्षा बल एक नए आत्मविश्वास और नक्सलवाद को समाप्त करने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आज कई जिले नक्सलवाद से मुक्त हैं।

### अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत का झंडा फहराया

उन्होंने कहा, संसद का यह मानसून सत्र विजय उत्सव जैसा है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत का झंडा फहराया जाना प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव का क्षण है। सभी सांसद और देशवासी एक स्वर में इस उपलब्धि का गुणगान करेंगे। यह हमारे भविष्य के अभियानों के लिए प्रेरणादायी होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह मानसून सत्र विजय उत्सव है। पूरी दुनिया ने भारत की सैन्य शक्ति का पराक्रम देखा है। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना द्वारा निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त किया गया।

# संसद सत्र के पहले दिन ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में हंगामा

## राज्यसभा में खड़गे बोले-पहलगाम आतंकी नहीं पकड़े गए, सरकार जवाब दे नड्डा ने कहा- हम चर्चा को तैयार

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र के पहले दिन ही ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा और राज्यसभा में हंगामा हुआ। विपक्ष ने दोनों सदनों में पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी की। दोनों सदन 2 बजे तक स्थगित कर दिए गए। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- पहलगाम हमले के आतंकी अब तक पकड़े नहीं गए। मारे भी नहीं गए। लेफ्टिनेंट गवर्नर ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में इंटेलिजेंस फेलियर हुआ। ट्रम्प 24 बार कह चुके हैं कि हमने युद्ध रुकवाया। सरकार को इन सभी जवाब देना चाहिए। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा- देश में ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि सरकार पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा नहीं करना चाहती। हम चर्चा करेंगे और हर तरीके से करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर



के सभी प्वाइंट्स को देश के सामने रखा जाएगा। इससे पहले लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर पर प्रश्नकाल के बाद चर्चा करेंगे। सरकार हर सवाल का जवाब देगी। ये तरीका उचित नहीं है। पहले ही दिन ये आचरण सही नहीं। हमें मिथक तोड़ना चाहिए। मानसून सत्र से पहले गठबंधन ने बैठक की थी। इसमें ऑपरेशन सिंदूर, भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम, डोनाल्ड ट्रम्प के सीजफायर पर दावे और बिहार वोटर लिस्ट जैसे मुद्दों पर सदन में सरकार को घेरने की रणनीति बनाई। विपक्ष इन सभी मुद्दों पर पीएम से जवाब चाहता। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक 32 दिन चलेगा। कुल 32 दिन में 18 बैठकें, 15 से ज्यादा बिल पेश होंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के कारण 13-14 अगस्त को संसद की कार्यवाही नहीं होगी।

# सावन के दूसरे सोमवार को नगर भ्रमण पर चंद्रमोलेश्वर के रूप निकलेंगे बाबा महाकाल

**उज्जैन।** श्रावण मास में निकलने वाली महाकाल बाबा की दूसरी सवारी आज सोमवार को निकलेगी। दूसरी सवारी में बाबा महाकाल चंद्रमोलेश्वर के रूप में भक्तों को दर्शन देंगे। सीएम मोहन यादव 3.30 बजे भगवान महाकाल की सवारी में शामिल होंगे।पिछली सवारी में भक्तों की संख्या के कारण भीड़ नियंत्रण का प्लान फेल हो गया था। इसके चलते इस बार कलेक्टर एवं एसपी ने सवारी में भीड़ नियंत्रण के लिए हैवी ड्यूटी बैरिकेडिंग की व्यवस्था की है। पिछली



सवारी में 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालु सवारी मार्ग पर मौजूद थे, जिसके कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। कई मार्ग बंद होने के बावजूद लोग गलियों से गुजरते हुए सवारी के साथ जुड़ गए थे, जिससे जाम की स्थिति बनी रही।श्रद्धालुओं को सड़कें संकरी होने की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ा और पुलिस व प्रशासन को भी भारी भीड़ को नियंत्रित करने में मुश्किल हुई। यह सवारी उज्जैन के प्रसिद्ध महाकाल मंदिर से निकलती है और इसे एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन माना जाता है। सीएम की इस सवारी में भागीदारी राज्य के धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को महत्व देती है।

**नई व्यवस्था के तहत क्या होगा-** महाकाल की सवारी को लेकर उज्जैन पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। पहली सवारी में उमड़ी भीड़ को देखते हुए जिला एवं पुलिस प्रशासन ने व्यवस्थाओं में आमूलचूल परिवर्तन किए हैं। पहली सवारी में देखा गया कि प्रेशर प्वाइंट पर बैरिकेड्स की संख्या कम या कमजोर थी।

**सांध्यप्रकाश विशेष**

## पर्यटकों से भरा क्रूज जहाज़ डूबा, अबतक 37 यात्री की मौत, 48 सवार थे

**हनोई।** वियतनाम में एक भीषण हादसे में पर्यटकों से भरा एक क्रूज जहाज समुद्र में पलट गया है जिससे अब तक 37 लोगों की मौत हो चुकी है। यह घटना क्वांग निन्ह प्रांत के प्रसिद्ध हा लॉन्ग खाड़ी में तब हुई जब जहाज एक



भयंकर तूफान की चपेट में आ गया। बचाव अभियान अभी भी बड़े पैमाने पर जारी है क्योंकि दर्जनों लोग अभी भी लापता हैं। प्रधानमंत्री ने जांच के आदेश दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि जहाज का सामना एक शक्तिशाली तूफान से हुआ और दोपहर 2.5 बजे तक जहाज का अधिकारियों से संपर्क टूट गया और वह खाड़ी के पानी में डूब गया।हादसे के समय क्रूजजहाज में 48 यात्री सवार थे जिनमें 24 पुरुष और 24 महिलाएँ थीं।

## इंडोनेशिया में यात्रियों से भरे समुद्री जहाज में लगी आग, 300 में कई लापता

**जकाता।** इंडोनेशिया में एक समुद्री जहाज में भीषण आग लग जाने से 300 से ज्यादा यात्रियों की जान आफत में फंस गई। वीडियो में भयानक आग का मंजर देखा जा सकता है। आग काफी तेजी से पूरी जहाज को अपनी चपेट में ले चुकी है, जिसमें से ऊंची लपटें और काला धुआं साफ दिखाई दे रहा है। इस जलती हुई फेरी से 280 लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया है। जबकि बच्चे सहित 18 लोग घायल हो गए हैं। जबकि काफी संख्या में लोग लापता भी बताए जा रहे हैं। जहाज में भीषण



आग लगने के बीच फंसे यात्रियों ने समुद्र में छलांग लगाना शुरू कर दिया। वीडियो में लोगों को समुद्र में कूदते देखा जा सकता है। यह आग इंडोनेशिया के तट के पास एक फेरी में लगी। इसके बाद उसमें सवार यात्रियों के बीच भयानक अफरातफरी मच गई।

## इंदौर में मिसाल बने कलेक्टर: आशीष सिंह ने अपनी सैलरी से भरी 22 बच्चों की फीस, ताकि न थमे किसी का सपना

**इंदौर।** जिन बच्चों के लिए परीक्षा की राह फीस के कारण बंद हो रही थी, उनके लिए इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह उम्मीद की एक नई किरण



बनकर सामने आए। आर्थिक तंगी से जूझ रहे 22 छात्रों की तकलीफ सुनने के बाद कलेक्टर ने जो किया, वो न सिर्फ प्रशासनिक संवेदनशीलता का उदाहरण है, बल्कि इंसानियत की मिसाल भी है।

**इतने पैसे नहीं कि स्कूल फीस और परीक्षा शुल्क भर सकें-** दरअसल, बीते महीने कलेक्टर आशीष सिंह मूसाखेड़ी स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के निरीक्षण पर पहुंचे थे। वहां 10वीं और 12वीं के कई छात्रों ने अपनी परेशानी साझा की। उन्होंने बताया कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है, माता-पिता दिहाड़ी मजदूरी करते हैं, और इतने पैसे नहीं हैं कि वे स्कूल की फीस और परीक्षा शुल्क भर सकें।

**पढ़ाई छोड़नी पड़ सकती है सर-** एक छात्र ने डबडबाई आंखों से कहा-÷पिता मजदूरी करते हैं, बड़ी मुश्किल से घर चलता है। फीस मांगी तो उन्होंने साफ कह दिया कि पढ़ाई छोड़नी होगी। तब कलेक्टर सर ने भरोसा दिलाया कि वे मदद करेंगे। आज हमारी फीस जमा हो चुकी है।÷ छात्रों की यह स्थिति सुनकर कलेक्टर भावुक हो गए।







# विधायकों के लिए 159 करोड़ में बनेंगे 102 नए फ्लैट

## सीएम और विधानसभा अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

**भोपाल।** मप्र के विधायकों के लिए अरेरा हिल्स पर 159.13 करोड़ रुपए की लागत से 102 नए फ्लैट बनाए जाएंगे। करीब 67 साल पुराने विधायक विश्राम गृह में विधायकों के लिए कई सुविधाओं का अभाव है। जर्जर हो चुके एमएलए रेस्ट हाउस में अब विधायकों को नए फ्लैट बनाए जाएंगे। विधायकों के लिए नए फ्लैट्स निर्माण के लिए सोमवार को सीएम डॉ. मोहन यादव और विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने भूमिपूजन किया। इस मौके पर संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री राकेश सिंह, विधानसभा के पीएस एपी सिंह, सचिव अरविंद दुबे मौजूद थे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि विधानसभा में कंप्यूटराइजेशन हो रहा है। तकनीक से जुड़कर विधायक नहीं चले, तो पीछे रह जाएंगे।



### 18 महीने में बनकर तैयार होगा विश्राम गृह

पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि वर्तमान विधायक विश्राम गृह 66 साल पुराना है। इसलिए नए विश्राम गृह की जरूरत महसूस हो रही थी, जहां विधायक सरकार के संकल्पों को गढ़ सकें। केवल 18 माह में ये विधायक विश्राम गृह बनकर तैयार होगा। ये अग्नि रोधी, भूकंप रोधी होगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा परिसर में विधायकों के लिए आवास बनाने के लिए भूमिपूजन में आज सब एकत्रित हैं। इसकी बड़ी आवश्यकता है।

### शॉपिंग कॉम्पलेक्स टूटेगा

नए आवास बनाने के लिए विश्राम गृह के खंड एक और पुराने पारिवारिक खंड के साथ शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को तोड़ा जाएगा। इसकी जगह नए फ्लैट बनेंगे। पुराने पारिवारिक खंड में 24 आवास हैं, जो 700 वर्ग फीट के हैं, जबकि खंड एक में 102 सिंगल रूम कमरे हैं। खंड एक में विधायकों को तीन-तीन रूम अलॉट किए जाते हैं। यह 125-125 वर्गफीट के हैं। नए बनने वाले 3 बीएचके फ्लैट 2600 वर्गफीट के होंगे। इस खंड में अभी 19 विधायकों को रूम अलॉट हैं, जो खाली होंगे। पुराना पारिवारिक खंड अभी पूरा आवंटित है। जिन खंडों को तोड़कर काम शुरू होगा। नए आवास ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट पर होंगे। सौर ऊर्जा पैनल होंगे। फायर फाइटिंग सिस्टम भी लगाया जाएगा।

### 14.66 एकड़ में प्रोजेक्ट, 10 मंजिल में 5 विंग बनेंगे

नए प्रोजेक्ट में 5 विंग होंगी। विंग ए में 18, विंग बी और सी में 22-22, विंग डी और ई में 20-20 फ्लैट होंगे। सभी भवनों की ऊंचाई 24 मीटर होगी। एक फ्लैट का निर्मित क्षेत्र 243 वर्ग मीटर (2615 वर्ग फीट) होगा। कुल निर्मित क्षेत्र 36943 वर्ग मीटर (397654.50 वर्ग फीट) रहेगा। प्रोजेक्ट का कुल क्षेत्रफल 14.66 एकड़ है।100 साल पुराने बरगद और पीपल के पेड़ ब्लॉक ए और बी के सामने सुरक्षित रहेंगे। परिसर में बच्चों का पार्क, पुलिस कंट्रोल रूम, फॉर्मल गार्डन, जनरल पार्किंग और इलेक्ट्रिकल सब स्टेशन भी होंगे।

### नए आवासों में यह सुविधाएं रहेंगी

प्रत्येक आवास स्वतंत्र हैं। इनमें प्राकृतिक वायु एवं प्रकाश और निजता का भी विशेष ध्यान रखा गया है। प्रत्येक सर्वसुविधायुक्त आवास में विधायकों के लिए कार्यालय, निजी स्टाफ, पीएसओ कक्ष एवं तीन बेडरूम का फर्नीचर सहित प्रावधान है। जिम एवं योग केंद्र एवं 80 व्यक्तियों के लिए आगंतुक कक्ष का प्रावधान है। 102 वाहनों की कवर्ड पार्किंग एवं 148 वाहनों की खुले में पार्किंग की व्यवस्था है। परियोजना में सोलर ऊर्जा प्रणाली, सीवेज ट्रीटमेंट एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली, फायर अलार्म, सीसीटीवी कैमरा, सिक्योरिटी, एसी, कार्गो लिफ्ट एवं पावर बैकअप का प्रावधान है। 3 स्टार रेटिंग के बराबर की सुविधाएं रहेंगी।

# 2006 मुंबई ट्रेन ब्लास्ट: हाई कोर्ट ने सभी 12 आरोपियों को किया बरी

## 5 को फांसी और 7 को हुई थी उम्रकैद, 189 लोगों की हुई थी मौत

**मुंबई।** 2006 में मुंबई लोकल ट्रेनों में हुए सीरियल ब्लास्ट मामले में बॉम्बे हाई कोर्ट ने सोमवार को बड़ा फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट के धमाकों के सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट ने सभी को निर्दोष माना। हाई कोर्ट की डबल बेंच ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह से नाकाम रहा। हाई कोर्ट ने पांच



महीने पहले इस मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

जस्टिस अनिल किलोर और जस्टिस श्याम चांडक की स्पेशल बेंच ने सोमवार को मुंबई की एक निचली अदालत के फैसले को पलट दिया और मुंबई लोकल ट्रेन धमाके के आरोपियों को बाइज्जत बरी कर दिया, हाई कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ ठोस सबूत पेश करने में विफल रहा है। सबूतों को देखकर ये मानना मुश्किल है कि इन आरोपियों ने अपराध किया। इसलिए उनकी सजा रद्द की जाती है।

### जेल से तत्काल रिहा करने का आदेश

ट्रेन ब्लास्ट मामले में निचली अदलत ने पांच आरोपियों को फांसी की सजा और 7 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी जिसे हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया, स्पेशल बेंच ने कहा कि अगर आरोपियों को किसी और मामले में नहीं चाहिए तो उन्हें तुरंत जेल से रिहा कर दिया जाए।

# सज्जन मिल, जेसी मिल, श्री सिंथेटिक सहित अन्य मिलों के ऋणों मामलो के निपटारे के लिए ओटीएस स्कीम

**भोपाल।** हुकुमचंद मिल की देनदारियों के निपटारे के बाद अब राज्य सरकार प्रदेश के अन्य सभी मिलों की बकाया देनदारियों के मामलों के निराकरण के लिए एकमुश्त निराकरण स्कीम (ओटीएस) लाने जा रही है। इसके लिए एक ओटीएस कमेटी का गठन भी कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के हस्तक्षेप से हुकुमचंद मिल की सम्पत्ति और श्रमिकों के बकाया तथा अन्य कर्ज देनदारियों के मामलों का निराकरण किया जा चुका है। मिल की सम्पत्ति बेचकर अधिकांश देनदारियों का भुगतान किया जा चुका है। मजदूरों को भी बकाया राशियों का भुगतान किया गया है। इसी तर्ज पर अब प्रदेश की अन्य मिलों के ऋण प्रकरणों का भी एकमुश्त निराकरण किया जाएगा। मध्यप्रदेश में जियाजीराव कॉटन मिल्स लिमिटेड (जेसी मिल), श्री सज्जन मिल्स लिमिटेड रतलाम, श्री सिंथेटिक्स लिमिटेड उज्जैन सहित अन्य मिलों के समान प्रकरणों में संबंधित प्रकरणों का एकमुश्त निराकरण करने ओटीएस स्कीम लागू की जा रही है।विनोद मिल्स के प्रकरण में गठित समिति के अनुसार जियाजीराव कॉटन मिल्स लिमिटेड, श्री सिंथेटिक लिमिटेड उज्जैन, सज्जन मिल्स लिमिटेड रतलाम एवं अन्य मिलों के समान प्रकरणों मे संबंधित ऋण प्रकरणों के एकमुश्त निराकरण के लिए मामलों का निरीक्षण करने प्रमुख सचिव उद्योग की अध्यक्षता में ओटीएस कमेटी का गठन किया गया है। यह समिति प्रकरणों का निराकरण करने के बाद अपने सुझाव और अनुशंसा करेगी।



**ओटीएस समिति गठित-** जो ओटीएस समिति गठित की गई है उसमें प्रमुख सचिव उद्योग राघवेन्द्र सिंह अध्यक्ष होंगे। इसके अलावा वित्त विभाग, राजस्व विभाग, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग, विधि विभाग के प्रतिनिधि, संचालक ग्राम एवं नगर निवेश, आयुक्त सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कारपोरेशन के एमडी, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के प्रतिनिधि इसके सदस्य होंगे।

# डिजिटल भुगतान के मामले में भारत दुनिया में अव्वल, हर महीने यूपीआई से 18 अरब का लेन-देन

## एक साल में करीब 32 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, 49.1 करोड़ लोग जुड़े

**नई दिल्ली।** डिजिटल भुगतान के मामले में भारत अब तेजी से पूरी दुनिया में सबसे आगे निकल गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की नई रिपोर्ट 'खुदरा डिजिटल भुगतान का बढ़ता चलन इंटरऑपरेबिलिटी का महत्व के अनुसार भारत का यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) इस क्रांति का मुख्य आधार है। 2016 में नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की तरफ से शुरू




किया गया यूपीआई, आज भारत में पैसे भेजने और पाने का सबसे तेज, आसान और भरोसेमंद तरीका बन चुका है। यूपीआई के जरिए एक ही मोबाइल ऐप से कई बैंक खातों को जोड़ा जा सकता है। फिर चाहे किसी को पैसे भेजने हों, दुकान में भुगतान करना हो या दोस्तों को पैसे ट्रांसफर करने हों, सब कुछएक ही क्लिक में हो जाता है। आज भारत में हर महीने 18 अरब से ज्यादा लेन-देन यूपीआई के जरिए हो रहा हैं। जून 2025 में ही यूपीआई ने ?18.39 अरब लेनदेन के जरिए 24.03 लाख करोड़ रुपए का भुगतान संसाधित किया। पिछले साल जून में यह आंकड़ा 13.88 अरब लेन-देन था। यानी एक साल में करीब 32त्न की बढ़त दर्ज की गई है।

### यूपीआई पर 675 बैंक एक साथ काम करते हैं

आज यूपीआई से 491 मिलियन यानी 49.1 करोड़ लोग और 65 लाख व्यापारी जुड़े हैं। यूपीआई पर 675 बैंक एक साथ काम करते हैं, जिससे कोई भी व्यक्ति किसी भी बैंक से किसी को भी भुगतान कर सकता है, बिना बैंक के नाम की चिंता किए। भारत में जितने भी डिजिटल लेन-देन होते हैं, उनमें से 85 प्रतिशत यूपीआई के माध्यम से होते हैं। इतना ही नहीं, पूरी दुनिया के 50 प्रतिशत रियल-टाइम डिजिटल भुगतान अकेले भारत के यूपीआई से होते हैं।

### यूपीआई अब भारत तक ही सीमित नहीं है

यूपीआई अब भारत तक ही सीमित नहीं है। यह सेवा सात देशों में शुरू हो चुकी है। जिसमें यूएई, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फांस और मॉरिशस शामिल हैं। वहीं, फ्रांस में यूपीआई की शुरुआत भारत के लिए एक बड़ा कदम है। क्योंकि, यह यूरोप में यूपीआई की पहली एंट्री है। अब वहां रह रहे भारतीय बिना किसी विदेशी पेमेंट झंझट के आसानी से भुगतान कर सकते हैं।

जन्म दिवस पर विशेष

# जनता की आम जुबान के हरफनमौला गीतकार आनन्द बक्शी



गोपाल कृष्ण छिब्बर

**40 बार फिल्मफेयर अवॉर्ड से नामांकित**

भारतीय फिल्मों में कहानी के साथ गीत संगीत का विशेष महत्व होता है आजकल बिना गीत संगीत के फिल्म निर्माण की कल्पना ही नहीं की जा सकती है कई फिल्में केवल गीत संगीत से ही सुपर हिट हो जाती हैं फ़िल्मों में कहानी और परिस्थितियों के अनुसार गीत लेखन भी एक विशिष्ट कला है जिसमें कविता शायरी में गीत लेखन किया जाता रहा हैं प्रारंभ में साहिर लुधियानवी शैलेंद्र हसरत जयपुरी शकील बदायूंनी राजेंद्र कृष्ण कवि प्रदीप प्रेम धवन कवर जलालाबादी आदि अनेक शायर के कवि गीतकारों ने कलम से गीतों का जादू चलाया परन्तु 1970 ओर 1980 दशक में आम जनता की जुबान हिंदी भाषा के गीत लेखन में जो महारथ स्वर्गीय गीतकार आनन्द बक्शी में था वह उल्लेखनीय है हालांकि गीतकार इंदिवार गुलजार ओर अनजान ने भी हिंदी शब्दों का भरपूर प्रयोग किया परन्तु गीतकार आनन्द बक्शी की लोकप्रियता 1965 में जब जब फूल खिले फिल्म के सुपर हिट गीतों से प्रारंभ हुई और मिलन ओर आराधना के बाद सर्वाधिक गीतलेखन की मांग आनदं बक्शी की ही रही राजेश खन्ना ओर धर्मेंद्र की सभी सुपरहिट फिल्मों के गीत आम आनदं बक्शी ने लिखे आनंद बक्शी ने लगभग सभी संगीतकरो के साथ किया सर्वाधिक लक्ष्मीकांत प्यारेलाल के साथ 302 ओर राहुलदेव बर्मन के साथ 99 फिल्मों में गीत लेखन किया आनदं बक्शी जी को प्रारंभिक सफलता दिलाने में कल्याणजी आनन्द की भूमिका भर महत्वपूर्ण है

जब जब फूल खिले, फूल बने अंगारे हिमालय की गोद में , मेरे हमसफर ओर गीत फिल्मों की लोकप्रियता ने ही सफलता के द्वारा खोल दिए थे बाद में लक्ष्मीकांत प्यारे लाल के साथ लंबा सिलसिला चला लक्ष्मीकांत प्यारेलाल को 7 फिल्मफेयर अवार्ड मिले जिसमें 6 फिल्मों के गीत आनंदबक्शी जी ने ही लिखे अन्य संगीतकारों को भी संगीत के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड मिले उनके गीत आनंद बक्शी ने लिखे थेओर कई गायक गायिकाओं को आंनद बक्शी के लिखे गीतों पर फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला । आनंद बक्शी ने सभी तरह के गीत गजल ,कव्वाली , भजन लोकगीत हास्य गीत प्रेरक गीत देश भक्ति गीत लिखे जो आज भी विविध भारती पर दिन भर बजते दिखाई देते हैं जो उनकी लोकप्रियता का प्रमाण है। आनंद बक्शी को 40 बार फिल्मफेयर अवॉर्ड के लिए नामांकित किया ओर उन्हें फिल्म अपनापन , एक दूजे के लिए ,दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे और ताल फिल्म के गीत लेखन पर फिल्म फेयर टॉफी से सम्मानित किया शक्ति सामंत की फिल्म अमरप्रेम के गीत उनके केरियर की सर्वश्रेष्ठ है कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम हैं कहना ओर चिंगारी कोई भड़के तो सावन उसे बुझाए आज भी सामयिक है जिसका उदाहरण टीवी धारावाहिक लेखों ओर टीवी डिबेट में चर्चा में देखने को मिलते है। दक्षिण के फिल्म निर्माता सुभाष घई आनंद बक्शी के बड़े प्रशंसक थे उनकी 14 फिल्मों में सुपरहिट गीत लिखे सभी बड़े निर्माता निर्देशकों जे ओमप्रकाश ,मोहनकुमार यश चोपड़ा मनमोहन देसाई, एल वी प्रसाद राजश्री राज खोसला, शक्ति सामंत और राजकपूर ने आनन्द बक्शी की प्रतिभा का उपयोग किया है उन्होंने लगभग 640 फिल्मों में 3500 से अधिक गीत लिखें आज के सफल गीतकार समीर ने भी आनन्द बक्शी की फिल्म गीत लेखन की शैली को अपनाया ओर वे आज सफलतम गीतकार है आज आनंद बक्शी जी की 96 जयंती है

**उनका फिल्मफेयर अवॉर्ड विजेता गीत**
**याद आ रहा है।**
**आदमी मुसाफिर है**
**आता है जाता हैं**
**यादें छोड़ जाता है।**

## सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन



भाजपा प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के वार्ड 25 के बाणगंगा में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

## नशा मुक्त हो मध्यप्रदेश का संकल्प दिलाया




विधायक रामेश्वर शर्मा की उपस्थिति में मुखर्जी नगर कोलार के एलएन मेडिकल कॉलेज में हजारों नागरिकों, युवाओं को नशा मुक्त हो मध्यप्रदेश का संकल्प दिलाया गया। संकल्प के पहले मुख्यमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक का नशा मुक्त मध्यप्रदेश का संदेश प्रसारित किया गया। इस अवसर पर डीसीपी जितेन्द्र पवार, सहायक पुलिस आयुक्त अंजलि रघुवंशी, थाना प्रभारी संजय सोनी सहित वरिष्ठ समाज सेवी उपस्थित रहे।

मैनेजमेंट एसोसिएशन ने इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित किया कार्यक्रम

# छात्रों को आपदा के समय रखने वाली सावधानी की दी जानकारी





**भोपाल।** मैनेजमेंट एसोसिएशन छात्रों के लिए मासिक कार्यक्रम भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में सभी की सुरक्षा के बैनर तले एक कार्यक्रम आयोजित किया। समारोह की शुरुआत गणमान्य व्यक्तियों और पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। सुश्री अरुणा नंदा, आईपीएस की श्रीमती दीप्ति सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्ति। बीएमए के अध्यक्ष राजेश तिवारी ने बीएमए की गतिविधियों में सक्रिय सहयोग के लिए स्कूल प्रबंधन को धन्यवाद दिया। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा के महत्व पर बल दिया। यह समय की मांग है कि छात्रों को किसी भी आपदा के समय उठाए जाने वाले कदमों के बारे में पता होना चाहिए। उन्होंने स्कूल प्रबंधन को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में कई अन्य कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की। श्री शंकर, माननीय सचिव ने बीएमए की गतिविधियों और बीएमए की भविष्य की योजना पर प्रकाश डाला। लैपटॉप और मोबाइल के माध्यम से छात्र भले ही ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन उनकी गतिविधियों पर नज़र रखना ज़रूरी है। बीएमए छात्रों को सही राह चुनने में मार्गदर्शन देकर उनके भविष्य को आकार देने के लिए सदैव तत्पर है। सुश्री दीप्ति सिंह ने छात्रों के लिए सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए बीएमए का धन्यवाद किया। श्रीमती अरुणा नंदा ने अपने भाषण में बीएमए के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अध्यक्ष से वरिष्ठ छात्रों के लाभ के लिए कुछ कार्यक्रम तैयार करने का भी अनुरोध किया। अतिथि वक्ता श्री सुलेखा नागर ने सुरक्षा पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने घरेलू सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा और सड़क सुरक्षा पर प्रकाश डाला। उन्होंने घरेलू खतरों और उनसे बचने के उपायों के बारे में बताया। उन्होंने अग्नि सुरक्षा और विभिन्न अग्निशामक यंत्रों (ए, बी, सी) के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन के महत्व के बारे में भी बताया। उन्होंने वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और हेलमेट के महत्व के बारे में बताया। श्री जी.एस. यादव ने छात्रों से बातचीत की। उन्होंने विभिन्न स्तरों पर सुरक्षा के महत्व को समझाया। छात्रों ने सुरक्षा पर प्रश्नोत्तरी में भाग लिया। उन्होंने बताया कि छात्रों को छोटी उम्र से ही सुरक्षा के गुर सीखने चाहिए। उन्होंने छात्रों को सम्मान चिह्न भी वितरित किए। छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और उनके मार्गदर्शन और विचारों से बहुत लाभान्वित हुए। वक्ताओं और विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। श्री एन.के. छिब्बर ने कार्यक्रम के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी और धन्यवाद ज्ञापन किया।

# घायल छात्रा से मिलीं मंत्री कृष्णा गौर, अधिकारियों को हर संभव मदद करने के निर्देश



**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के बरखेड़ा स्थित पीएमश्री महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल का औचक निरीक्षण किया। हाल ही में स्कूल की छत का प्लास्टर गिरने से घायल हुई छात्रा संजना गिरी से वे उनके घर जाकर मिलीं और स्वास्थ्य की जानकारी ली। राज्यमंत्री गौर ने निरीक्षण के दौरान स्कूल प्रबंधन पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अगर समय रहते हमें छत की जर्जर हालत की जानकारी दी जाती, तो यह हादसा टल सकता था। सरकार के पास बजट की कमी नहीं है, लेकिन समस्या से अवगत कराना आवश्यक है। यह दुर्घटना स्पष्ट रूप से प्रबंधन की लापरवाही का नतीजा है। घटना में घायल हुई 10वीं की छात्रा संजना गिरी ने बताया कि हादसे में सिर पर चोट लगने से टांके आए हैं। राज्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्ची का सिटी स्कैन कराया जाए और इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। साथ ही डॉक्टर को निर्देशित किया जाए कि बारिश के मौसम में टांकों की नियमित जांच की जाए। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने यह भी कहा कि छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास किए जाएं। यदि बच्ची को चलने में परेशानी हो रही है, तो तीन पहिया वाहन की व्यवस्था के लिए कलेक्टर को आवेदन दिलवाया जाए और आवश्यक आर्थिक मदद भी उपलब्ध कराई जाए। इस मौके पर सुरेंद्र घोटे, पार्षद नीरज सिंह, बी. शक्तिराव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# प्रतिबंध के बाद भी चला रहे थे मोटर बोट, भोपाल नगर निगम ने की कर्रवाई



**भोपाल ।** नगर निगम ने रविवार को छोटा तालाब स्थित करिश्मा पार्क में दो संचालकों द्वारा नियम व शर्तों का उल्लंघन करने पर बोटिंग की अनुमति रद्द कर दी गई। यहां अवैध रूप से संचालित रेस्टोरेंट और कैफे को सख्ती से हटा दिया। जबकि कुछ बोट भी जब्त की गई। यहां पर निगम ने पैडल और चप्पू बोट चलाने की परमिशन दी थी, लेकिन मोटर बोट चलाई जा रही थी। इस दौरान करिश्मा पार्क एवं छोटे तालाब किनारे रामसर साइट पर अवैध रूप से संचालित रेस्टोरेंट एवं कैफे के अतिक्रमण को पूरी तरह से हटाने की कार्रवाई की गई। यहां से मोटर बोट, टेबल, बेंच, गुमटी और अन्य सामग्री जब्त की गई। दरअसल निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण के निर्देश के बाद झील संरक्षण प्रकोष्ठ की टीम ने छोटे तालाब और करिश्मा पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि छोटे तालाब में करिश्मा पार्क से पैडल बोट एवं चप्पू बोट संचालन की अनुमति जहांगीराबाद निवासी मोहम्मद बिलाल एवं करण यादव को दी गई थी, लेकिन बोट संचालकों द्वारा अनुमति के विपरीत प्रतिबंधित मोटर बोट का संचालन भी किया जा रहा था। करिश्मा पार्क में अतिक्रमण कर रेस्टोरेंट व रामसर साइट पर लगी टेबल, बेंच पर कैफे का संचालन भी बिना अनुमति के पाया गया। निगम के दल को यह भी जानकारी मिली कि रेस्टोरेंट एवं कैफे का संचालन देर रात तक किया जा रहा है। जिस पर कार्रवाई करते हुए निगम प्रशासन ने मोहम्मद बिलाल एवं करण यादव निवासी जहांगीराबाद को दी गई बोट संचालन की अनुमति शनिवार, 19 जुलाई को निरस्त कर दी। वहीं, रविवार को कार्रवाई करते हुए करिश्मा पार्क में अवैध रूप से संचालित रेस्टोरेंट का अतिक्रमण भी पूरी तरह से हटा दिया।

## सेवा सदन द्वारा भोपाल उत्सव मेला समिति के सहयोग से निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित

**संत हिरदाराम नगर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ने राजधानी के गांधीनगर स्थित दुबई सिंधी महिला मंडल धर्मशाला में निःशुल्क नेत्र रोग परीक्षण और मोतियाबिंद आपरेशन शिविर लगाया। शिविर का शुभारंभ भोपाल उत्सव मेला समिति के पदाधिकारी एवं सेवा सदन के ट्रस्टी द्वारा देवी-देवताओं के चित्रों पर मार्ल्यापण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में 255 रोगियों की आंखों की जांच की गई। जिनमें 121 पुरूष तथा 134 महिला रोगी शामिल है। इन रोगियों में से 95 को मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई, जिन्हे एंबुलेंस से सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय लाकर भर्ती किया गया है। सोमवार को इनके मोतियाबिंद के आपरेशन किये जायेंगे। जिन रोगियों को मोतियाबिंद की षिकायत नहीं पाई गई, उन्हें निःषुल्क दवाईयां प्रदान की गई और उनके ब्लड प्रेषर और मधुमेह की जांच की गई। अगला शिविर रविवार 27 जुलाई को आर्य भवन गौतम नगर में लगाया जाएगा। इस अवसर पर भोपाल सिंधी मेला समिति के सुनील जैनाविन, वासदेव वाधवानी, नारायण सिंह कुषवाह, मोहन सिंह कुशवाह, प्रतीक गुप्ता, तथा सेवा सदन के ट्रस्टी सुरेश आवतरामानी और स्टॉफ ने सेवाएं दी।

# अब एक ही परीक्षा से मिलेगा कई विभागों की नौकरी में मौका, सरकार कर रही नियमों में बड़ा बदलाव

**भोपाल।** सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए राहत भरी खबर है। अब उन्हें एक ही पद के लिए बार-बार परीक्षाएं नहीं देनी होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप सामान्य प्रशासन विभाग ने नई भर्ती प्रणाली को लेकर प्रारूप तैयार किया है। यह प्रस्ताव मुख्य सचिव अनुराग जैन के सामने प्रस्तुत किया जाएगा, जिसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंजूरी ली जाएगी। इस प्रस्ताव के अमल में आने से न केवल परीक्षार्थियों का समय और धन बचेगा, बल्कि भर्ती प्रणाली भी अधिक दक्ष और पारदर्शी बनेगी। यह बदलाव खासतौर पर युवाओं के लिए बड़ा राहत भरा साबित होगा।

**भर्ती प्रक्रिया में ये होंगे अहम बदलाव** - नए प्रस्ताव के अनुसार राज्य लोक सेवा आयोग (पीएससी) केवल 6 प्रकार की परीक्षाएं आयोजित करेगा, जिसमें प्रशासनिक सेवा और वन सेवा शामिल होंगी। स्क्क्षस्क्क (पूर्व में व्यापमं) 5 प्रमुख श्रेणियों की परीक्षाएं आयोजित करेगा, जिसमें इंजीनियरिंग, शिक्षा, कृषि, स्नातक एवं परास्नातक डिग्रीधारकों के लिए परीक्षाएं होंगी। एक मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी, जिसके आधार पर नियुक्तियां होंगी। उम्मीदवारों को आवेदन के समय विभागों के वैकल्पिक नाम भरने होंगे, जिससे चयन के बाद विभाग बदलने की समस्या नहीं रहेगी।

**परीक्षार्थियों को क्या होगा लाभ** - अब हर पद के लिए अलग-अलग परीक्षा देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। परीक्षा शुल्क की बचत होगी। चयन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण होगी। परीक्षा परिणामों को लेकर होने वाले विवाद भी कम होंगे। वर्तमान में पीएससी सालभर में 25 और मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड करीब 30 प्रकार की परीक्षाएं आयोजित करता है, जिससे अभ्यर्थियों को बार-बार आवेदन और परीक्षा देने की परेशानी होती है। नई नीति के लागू होते ही यह दोहराव खत्म होगा।

# अव्वल आने वाले छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

## जीवन के अंतिम पड़ाव तक सुखी रहना है तो करनी पड़ेगी पढ़ाईः सिद्ध भाऊ



**संत हिरदाराम नगर।** लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्यूकेशनल सोसायटी गांधीनगर द्वारा संचालित लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ उ.मा. विद्यालय एवं प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल पीपलनेर गांधीनगर में कक्षा 5वीं से 12वीं तक के 157 छात्र-छात्राओं का पुरस्कार वितरण समारोह सिद्ध भाऊ की पावन उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिद्ध भाऊ द्वारा किया गया। सिद्ध भाऊ का स्वागत शाला के सचिव रमेश हिंगोरानी, योगेश हिंगोरानी, प्राचार्या जयश्री ममतानी, नवीन नामदेव एवं नीता अग्रवाल द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की कक्षा दसवीं की छात्रा अदिति गुप्ता जिन्होंनें बोर्ड परीक्षा में 97.8 अंक अर्जित कर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है जिन्हें पुरस्कार स्वरूप 5100 रूपए का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके माता-पिता का भी शॉल श्रीफल देकर सम्मान किया गया। साथ ही कक्षा 5वीं से 12वीं तक की वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने 157 छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सिद्ध भाऊ ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि विद्याधन को कोई भी चुरा नहीं सकता और यह वो धन है जो स्वयं के कठिन परिश्रम द्वारा ही प्राप्त होता है। उन्होंनें महान विभुतियों का उदाहरण देते हुए बताया कि डॉ. कलाम, अटल बिहारी वाजपेयी, द्रोपती मुर्मू, नरेन्द्र मोदी आदि विपरीत परिस्थियों में पढ़ाई कर अपना और अपने देश का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि अगर जीवन के अंतिम पड़ाव तक सुखी रहना है तो पढ़ाई करना जरूरी है, पढ़ाई करने के लिए अपने स्वास्थ्य और संगति का ध्यान रखें।

# संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में चार दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम के समापन पर हुआ ओपन टेलेंट





**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में आयोजित चार दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम के समापन दिवस पर ओपन टेलेंट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध आर. जे. मयंक झा एवं अर्जुन शाक्य, कोरियोग्राफर ने अपनी विशेष प्रस्तुति से छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का आकर्षण रहा ओपन टैलेंट शो, जिसमें छात्राओं ने नृत्य, गायन, कविता और मिमिक्री जैसी बहुमुखी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। मयंक झा ने अपनी प्रभावशाली संवाद शैली और मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं को प्रेरित किया तथा माहौल को जीवंत बना दिया।

कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने नवीन सत्र के लिए हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे इस प्रकार के सत्रों से प्रेरणा लेकर अपने व्यक्तिगत व व्यावसायिक विकास की दिशा में सार्थक प्रयास करें। इंडक्शन प्रोग्राम के दूसरे दिन प्रथम सत्र में विशेष वक्ता के रूप में चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं वित्तीय प्रशिक्षक निखिल नैनानी उपस्थित रहे। अपने व्याख्यान में उन्होंने रिस्किल, अपस्किल, मल्टीस्किल योर स्ट्रेटजी फॉर इंडस्ट्री सक्सेस विषय पर छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम के तृतीय दिवस में इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मानस डोलानी, नीति केंद्र के संस्थापक एवं निदेशक उपस्थित रहे। मानस ने छात्राओं को मॉडल ऑफ़ यूनाइटेड नेशन्स की अवधारणा, कार्यप्रणाली एवं वैश्विक स्तर पर इसके प्रभाव के बारे में जानकारी दी।

## कारगिल युद्ध के वीर कालूराम चौहान फौजी बाबा की स्मृति में औषधीय पौधों का रोपण



**भोपाल।** जवाहर चौक में गाड़िया लोहार समाज ने कारगिल युद्ध के वीर योद्धा स्वर्गीय कालूराम चौहान फौजी बाबा को श्रद्धांजलि अर्पित की। 17 जुलाई को उनका देहावसान हो गया था। कालूराम चौहान ने 1971 के कारगिल युद्ध में अपनी वीरता का परिचय दिया था। वे गाड़िया लोहार समाज में एकता और जागरूकता लाने के लिए जाने जाते थे। राजू राणा मित्र मंडल और समाजसेवी रमेश लोहार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कई गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। इनमें धार जिले से श्री कनीराम बाबा, भाजपा किसान मोर्चा भोपाल के जिला अध्यक्ष राजेश सिंह और राजगढ़ से दिनेश गाड़िया शामिल थे। कांजी पचोर, कमल पचोर, रिंकू पचोर, लखन पचोर और विक्रम पचोर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में फौजी बाबा की याद में कैंसर जैसी बीमारियों के इलाज में काम आने वाले औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर समाज के लोगों ने पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प भी लिया। यह आयोजन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत साबित होगा।

## दुबई और स्पेन की यात्रा मध्यप्रदेश के लिए खोलेगी विकास के नए द्वारः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# दुबई और स्पेन यात्रा से मध्यप्रदेश को 11 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले

### दुबई और स्पेन के निवेशक मध्यप्रदेश में निवेश के लिए उत्साहित

### वैश्विक निवेश का केंद्र बन रहा है मध्यप्रदेश

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया के साथ किये अपनी विदेश यात्रा के अनुभव साझा



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उनकी दुबई और स्पेन की यात्रा मध्यप्रदेश में विकास के नए द्वार खोलेगी। दुबई और स्पेन के निवेशक मध्यप्रदेश में निवेश के लिए उत्साहित हैं। इस यात्रा से मध्यप्रदेश को 11 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे पूर्व भी जर्मनी, जापान और यूके आदि की यात्रा के दौरान वहां से मध्यप्रदेश में निवेश के लिए बड़े प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। मध्यप्रदेश में निरंतर देश-विदेश से आ रहे निवेश प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने में सहायक होंगे। यह अत्यंत आनंद का विषय है कि मध्यप्रदेश वैश्विक निवेश का केंद्र बन रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को दुबई और स्पेन की यात्रा से लौटने पर स्टेट हैंगर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम एवं मीडिया संवाद में यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की स्पेन और दुबई यात्रा में 11 हजार 119 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं जिससे 14 हजार से अधिक व्यक्तियों को रोजगार भी प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गरीब से गरीब व्यक्ति की जिंदगी बदलना आवश्यक है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इसके लिए भरसक प्रयत्न कर रहे हैं। गरीब, युवा, महिला,किसान सभी वर्गों को साथ लेकर विरासत सहेजने से लेकर विकास की गति बढ़ाने का दृढ़ संकल्प है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी नागरिकों से प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित रहने को कहा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत की प्रगति के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी अभिनंदन के पात्र हैं। उन्होंने अपने ग्यारह वर्ष के कार्यकाल में सात बार दुबई की यात्रा कर दो तरफा व्यापारिक और औद्योगिक साझेदारी को बढ़ाने का कार्य किया है। दुबई एक लघु विश्व की तरह है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे प्रधानमंत्री जी की नीतियों का अनुसरण करते हुए उद्योग एवं व्यापार वर्ष 2025 में देश-विदेश से निवेश लाने के प्रयास कर रहे हैं। इस क्रम में दुबई और स्पेन की यात्रा महत्वपूर्ण रही। प्रधानमंत्री के संकल्प को पूर्ण करने के लिए इस यात्रा को सार्थक बनाने का प्रयास किया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी का एक-एक निर्णय विश्व में भारत की साख बढ़ाने का कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में गत दो दशक विकास के दशक रहे हैं। वर्ष 2002-03 तक प्रदेश की विभिन्न क्षेत्रों में जो स्थिति रही उसमें निर्णायक परिवर्तन आया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पिछले 20 वर्षों के कार्यकाल को मध्यप्रदेश के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इन वर्षों में नागरिकों को यह अनुभव करवाया गया है कि सरकार क्या होती है। देश में गुजरात के बाद मध्यप्रदेश ऐसा राज्य होगा जो प्रधानमंत्री श्री मोदी के विकसित भारत के स्वप्न को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। जहां गुजरात में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सरदार सरोवर परियोजना में सबसे बड़े बांध को पूर्ण करवाकर राष्ट्र को समर्पित किया वहां मध्यप्रदेश के हित में अंतर्राज्यीय नदी जोड़ो परियोजनाओं की स्वीकृति देकर उल्लेखनीय कदम उठाया। अब प्रदेश के विकास की गति तीव्र से तीव्रतम होगी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा-बहनों को देंगे रक्षा बंधन का तोहफा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रक्षा बंधन 9 अगस्त से पहले लाड़ली बहनाओं के खाते में 1500 रुपए पहुंचने वाले हैं। योजना में दी जाने वाली 1250 रुपए की मासिक राशि के अलावा रक्षाबंधन पर शगुन के रूप में अतिरिक्त 250 रुपए दिए जाएंगे।

### भारत स्पेन सांस्कृतिक सहयोग वर्ष

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि भारत सरकार ने भारत-स्पेन सांस्कृति सहयोग वर्ष की घोषणा की है। इस नाते उनकी स्पेन यात्रा अधिक प्रासंगिक हो गई है। इस वर्ष में अन्य गतिविधियों के साथ मध्यप्रदेश में स्पेन के कला और सांस्कृतिक जगत के प्रतिनिधियों और कलाकारों के मंचीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।


### निवेश बढ़ाने के निरंतर प्रयास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुबई और स्पेन की यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त निवेश प्रस्तावों की विस्तार से जानकारी दी। प्रदेश में सम्पन्न संभाग स्तरीय उद्योग कॉनक्लेव, भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, दुबई और स्पेन यात्रा के पूर्व इंग्लैंड, जर्मनी और जापान की यात्राओं में नए निवेश के माध्यम से मध्यप्रदेश की समृद्धि के प्रयास किए गए हैं। भारत के प्रमुख नगरों कोलकाता, कोयम्बटूर, सूरत, लुधियाना में भी सेक्टर वाइज बैठकों और संगोष्ठियों के माध्यम से मध्यप्रदेश में उद्योग क्षेत्र में नई इकाईयों की स्थापना के लिए ठोस प्रयास किए गए हैं।

### अब तक की सफलतम विदेश यात्रा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 7 दिन की दुबई और स्पेन की विदेश यात्रा से रविवार को स्वदेश लौट आए। वैदेशिक संबंधों को नई ऊर्जा देने वाली दुबई और स्पेन की इस यात्रा को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सफलतम यात्रा निरूपित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यात्रा की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूर-दृष्टि और कुशल नेतृत्व को दिया है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मीडिया से चर्चा में कहा कि प्रदेश में अलग-अलग सेक्टर में काफी निवेश की संभावनाएं हैं। दुबई और स्पेन के 7 दिन के प्रवास से मध्यप्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की अच्छी संभावनाएं बनी है। यात्रा के दौरान कई विदेशी कंपनियों से मध्यप्रदेश में निवेश और नॉलेज शेयरिंग के लिए करार भी हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इससे पहले मध्यप्रदेश में रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव और भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से लगभग 30.77 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। निवेश धीरे-धीरे धरातल पर भी उतर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस विदेश यात्रा से मध्यप्रदेश में कृषि, फार्मास्यूटिकल्स, खनन, उद्योग और पर्यटन विकास के क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं निकलकर सामने आई हैं, जिससे रोजगार के नए अवसरों के साथ-साथ औद्योगिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश अब बड़ी तेजी से निवेश के लिए एक आदर्श राज्य के रूप में उभर रहा है।

# फ्लाइट की जल्दबाजी में पत्नी को भूल आये केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह, काफिले के साथ लौटे




**भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को गुजरात के जूनागढ़ दौरे पर थे, जब राजकोट से फ्लाइट पकड़ने की जल्दबाजी में वे अपनी पत्नी साधना सिंह को मूंगफली अनुसंधान केंद्र के वेटिंग रूम में ही भूल गए। 22 गाड़ियों का उनका भारी-भरकम काफिला राजकोट की ओर रवाना हो चुका था, लेकिन कुछ दूरी पर उन्हें याद आया कि साधना साथ नहीं हैं। इसके बाद काफिला तुरंत यू-टर्न लेकर लौटा और साधना को लेकर दोबारा राजकोट के लिए रवाना हुआ।

शिवराज और साधना गुजरात के धार्मिक और सरकारी दौरे पर थे। उन्होंने सोमनाथ ज्योतिर्लिंग में दर्शन किए, जहां साधना ने श्रद्धापूर्वक पूजा की और शिवराज ध्यान में लीन रहे। इसके बाद दोनों ने गिर नेशनल पार्क में जंगल सफारी का लुत्फ उठाया, जहां शिवराज ने दूरबीन से शेर देखे। जूनागढ़ में वे 'लखपति दीदी' योजना के तहत महिलाओं और किसानों के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। रात 8 बजे राजकोट से फ्लाइट पकड़ने की जल्दी और खराब रास्ते के कारण शिवराज हड़बड़ी में थे। उन्होंने भाषण छोटा कर कहा, ÷राजकोट का रास्ता खराब है, अगली बार फुर्सत से आऊंगा।÷ कार्यक्रम के बाद शिवराज काफिले के साथ निकल गए, जबकि साधना गिरनार दर्शन के बाद प्रतीक्षालय में बैठी थीं। रास्ते में शिवराज को उनकी याद आई। उन्होंने फोन पर संपर्क किया और काफिला वापस लौटा। प्रतीक्षालय में शांति से बैठी साधना को लेकर वे राजकोट रवाना हुए। यह घटना स्थानीय लोगों में चर्चा का विषय बन गई।

### वाल्मी में अल्पविराम आनंद कार्यशाला संपन्न

**भोपाल।** आनंद विभाग द्वारा तीन दिवसीय आनंदम सहयोगी प्रशिक्षण कार्यशाला का 16 से 18 जुलाई तक वाल्मी भोपाल में आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों ने नकारात्मक विचार छोंड़ने तथा व्यवहार से रिश्तों में सुधार करने का निर्णय लिया। प्रतिभागियों ने कहा कि सगे संबंधियों को भी इस कार्यशाला से जुड़ने का अवसर मिले जिससे कि उनके जीवन में आनंद का प्रसार हो। राज्य आनंद संस्थान द्वारा 'खाद्य, नागरिक, आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अधिकारियों के लिए कार्यक्रम में भावनात्मक, मानसिक और सामाजिक रूप से अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया गया, जिससे वे जनसेवा के रूप में बेहतर योगदान दे सकें। प्रशिक्षण में मानसिक स्वास्थ्य, कार्य में आनंद, सकारात्मक सोच तथा सामूहिक सहभागिता जैसे विषयों पर ध्यान दिया गया। विभिन्न जिलों से 'खाद्य, नागरिक, आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के कुल 56 अधिकारी/कर्मचारी इस कार्यशाला में शामिल हुए। सत्र संचालन में राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर श्री गणेश कनाडे, श्री संतोष तिवारी, श्रीमती मुक्ति राय, श्रीमती पुष्पेंद्र सिसोदिया , सुश्री श्रद्धा ठाकुर तथा कार्यक्रम संयोजक के रूप में श्री प्रदीप महतो उपस्थित रहे। राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग के डायरेक्टर श्री सत्य प्रकाश आर्य ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

# नेपानगर में 36 करोड़ की लागत से हर घर तक पहुंचा नल जल



**भोपाल ।** बुरहापुर जिले के नेपानगर में अब हर घर तक नल का स्वच्छ जल पहुँच रहा है। नगरीय विकास एवं आवास के उपक्रम म.प्र. अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा संचालित यह परियोजना, एशियन डेवलपमेंट बैंक की सहायता से संचालित हो रही है। परियोजना की कुल लागत लगभग 36 करोड़ रुपये है। इसमें आगामी दस वर्षों का संचालन और संधारण भी शामिल है।

बुरहानपुर जिले की नेपानगर की इस परियोजना के अंतर्गत, ताप्ती नदी से जल लेकर इसे 7.7 एमएलडी क्षमता वाले जल शोधन संयंत्र के माध्यम से शोधित किया जा रहा है। शोधित जल को संग्रहित करने के लिए नगर में 150 किलोलीटर और 160 किलोलीटर की क्षमता वाले दो ओवरहेड टैंक बनाए गए हैं। इसके साथ ही 1900 किलोलीटर क्षमता का ग्राउंड स्टोरेज रिजर्वायर भी स्थापित किया गया है।

इस जल प्रदाय परियोजना से नेपानगर की 35 हजार से अधिक आबादी को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। हर घर तक पहुँचते नल कनेक्शन न केवल स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित कर रहे हैं, बल्कि आमजन के जीवन स्तर को भी सुदृढ़ बना रहे हैं। घर में आसानी से जल उपलब्ध होने पर क्षेत्रीय नागरिक भी खासे उत्साहित हैं। नेपानगर वार्ड क्रमांक 22निवासी हेमंत पाटिल का कहना है कि इस योजना के माध्यम से हमें पर्याप्त जल मिल रहा है। स्वच्छ जल मिलने से बीमारियों का खतरा कम हुआ है। वार्ड क्रमांक 23 निवासी भास्कर पवार का कहना है कि नल के माध्यम से जल मिलने से अब समय की बचत हो रही है।

# शासकीय भवनों की छतों पर बिना निवेश के लगेंगे सोलर रूफटॉप संयंत्र

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2030 तक 500 गीगा वॉट नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में मध्यप्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित कर रहे है। इसी क्रम में ÷प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना'' में प्रदेश के सभी शासकीय भवनों को दिसम्बर-2025 तक सौर ऊर्जीकृत किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिये ऋश्वस्ष्ट्ह द्वारा सभी जिलों में पृथक-पृथक निविदाएँ जारी कर दर आमंत्रित की गयी है। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने बताया है कि ÷प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना'' में प्रदेश में राज्य शासन के भवनों की छतों पर रेस्को पद्धति अंतर्गत सोलर रूफ़टॉप संयंत्र लगाने हैं। शासकीय विभागों को इन सौर परियोजनाओं में कोई निवेश नहीं करना होगा। शासकीय कार्यालयों द्वारा ऊर्जा के उपयोग के लिए ऋश्वस्ष्ट्ह विकासक को प्रति यूनिट भुगतान करना होगा। रेस्को द्वारा लगाये गये संयंत्र की प्रति यूनिट दर विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा निर्धारित व्यवसायिक दर (जिसमें शासकीय कार्यालय भी शामिल हैं) से काफी कम होगी। इस प्रकार शासकीय कार्यालय ÷शून्य निवेश, पहले दिन से बचत, नेट जीरो'' के सिद्धांत पर कार्य कर सकेंगे।

RESCO परियोजना अंतर्गत म.प्र. ऊर्जा विकास निगम द्वारा प्रत्येक जिले के लिए पृथकङ्कपृथक निविदा जारी की गई है। इसमें ऋश्वस्ष्ट्ह विकासकों से प्रत्येक जिले के लिए पृथकङ्कपृथक दर माँगी गई है। प्रत्येक जिले की न्यूनतम दर के आधार उस जिले में ऋश्वस्ष्ट्ह परियोजनाएँ स्थापित होंगी। भोपाल जिले में अधिकतम 15.6 MW की परियोजनाएं प्रस्तावित हैं, जबकि ग्वालियर जिले में 5.26 MW, इंदौर जिले में 3.12 MW, छिंदवाड़ा जिले में 1.43 MW, दतिया जिले में 1.4MW, धार जिले में 1.34 MW की परियोजनाएं प्रस्तावित हैं।

शासकीय विभागों/संस्थाओं के भवन पर ऋश्वस्ष्ट्ह इकाई द्वारा 25 वर्ष की अवधि के लिये सोलर रूफ़टॉप संयंत्र स्थापित किये जायेंगे। इस पूरी अवधि तक सोलर रूफ़टॉप संयंत्र का रखङ्करखाव RESCO इकाई द्वारा किया जाएगा। ऋश्वस्ष्ट्ह की आय पूरी तरह से 25 वर्ष तक सौर ऊर्जा के उत्पादन पर आधारित है। इससे RESCO विकासक सौर संयंत्र से अधिकतम उत्पादन की कोशिश करेंगे, जिससे शासकीय विभागों को अधिकाधिक लाभ होगा।नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2018 से 2020 के बीच म.प्र. ऊर्जा विकास निगम द्वारा राज्य में 133 शासकीय कार्यालयों में सफलतापूर्वक ऋश्वस्ष्ट्ह पद्धति से सोलर रूफ़टॉप संयंत्र लगाए, जो सफलतापूर्वक संचालित हैं। इसमें भोपाल, शासकीय मेडिकल कॉलेज (रीवा, शिवपुरी, खण्डवा, दतिया, विदिशा), NLIU भोपाल,त्न कार्यालय ग्वालियर, ब्लृ भोपाल, भारत सरकार का पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन आदि शामिल हैं। नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सफल एवं दक्षतापूर्ण क्रियान्वयन से निश्चित ही प्रदेश सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में होगा।

# स्व. प्रभाष जोशी ने पत्रकारिता को लोकमंगल का माध्यम बनायाः उप मुख्यमंत्री शुक्ल




### दिल्ली में प्रभाष प्रसंग कार्यक्रम में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री

भोपाल। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि स्वर्गीय प्रभाष जोशी ने पत्रकारिता को केवल पेशा नहीं, बल्कि लोकमंगल का माध्यम बनाया। उन्होंने जनचेतना को जागृत करने, लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने और सामाजिक सरोकारों को मुखर स्वर देने में अपनी लेखनी के माध्यम से अद्वितीय योगदान दिया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल नई दिल्ली स्थित सत्याग्रह मंडप, राजघाट परिसर में प्रख्यात पत्रकार स्व. प्रभाष जोशी की स्मृति में आयोजित प्रभाष प्रसंग कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने प्रख्यात पत्रकार स्व. प्रभाष जोशी को उनकी विचारशील पत्रकारिता, सामाजिक प्रतिबद्धता एवं सांस्कृतिक चेतना के लिए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि आज के समय में जब सूचना के माध्यमों की प्रामाणिकता और जिम्मेदारी पर प्रश्नचिह्न उठते हैं, ऐसे में प्रभाष जी जैसे उत्कृष्ट मानक स्थापित करने वाले पत्रकारों की स्मृति और मूल्य और अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। उनकी विरासत नई पीढ़ी के पत्रकारों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, पद्मभूषण रामबहादुर राय, पद्मश्री जवाहरलाल कौल सहित अनेक गणमान्यजन एवं पत्रकारिता, साहित्य एवं संस्कृति से जुड़े प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने प्रभाष जोशी के जीवन, विचार और कार्यशैली पर प्रकाश डाला और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# रक्षाबंधन बना और खास, मध्यप्रदेश को मिलेगा पहली तेजस ट्रेन का तोहफा

### 23 जुलाई से होगी शुरू

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




रक्षाबंधन और अन्य आने वाले त्योहारों को ध्यान में रखते हुए, मध्य प्रदेश में पहली बार इंदौर से मुंबई के लिए सुपरफास्ट तेजस स्पेशल ट्रेन शुरू की जा रही है। यह सेवा इंदौर से मुंबई की यात्रा करने वाले यात्रियों को अधिक सुविधा और रफ्तार प्रदान करेगी। पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की लंबे समय से की जा रही मांग को देखते हुए इस विशेष ट्रेन के संचालन का फैसला लिया है। तेजस स्पेशल ट्रेन 23 जुलाई से 30 अगस्त तक चलेगी।

**अवंतिका से महंगी होगी तेजस यात्राः** तेजस स्पेशल ट्रेन का किराया फिलहाल इंदौर से मुंबई के बीच संचालित अवंतिका एक्सप्रेस की तुलना में अधिक होगा। तेजस ट्रेन की गति भी अपेक्षाकृत तेज होगी, जिससे यात्रियों को गंतव्य तक कम समय में पहुंचने की सुविधा मिलेगी। इस ट्रेन के किराए का निर्धारण भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम द्वारा किया जाता है। विशेष बात यह है कि यदि तेजस ट्रेन अपने निर्धारित समय से लेट होती है, तो ढ्ढक्रष्टञ्जष्ट यात्रियों को निर्धारित नियमों के तहत किराया वापस भी करता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस ट्रेन में 5 से 12 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए भी पूरा किराया देना होगा। इमरजेंसी कोटा के अंतर्गत यात्रियों को राजधानी, शताब्दी, दुरंतो और मेल-एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची में होने पर भी बर्थ उपलब्ध कराई जाती है। हालांकि, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, गंभीर बीमारियों से पीड़ित यात्रियों या पुरस्कार प्राप्त करने वाले किसी भी श्रेणी के यात्री को किराए में कोई रियायत नहीं दी जाएगी, सभी को पूरा किराया चुकाना होगा।

### तेजस ट्रेन की टाइमिंग और शेड्यूल

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने जानकारी दी कि ट्रेन संख्या 09085 मुंबई सेंट्रलङ्कइंदौर स्पेशल प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को सुबह 11:20 बजे मुंबई सेंट्रल से रवाना होगी और अगले दिन दोपहर 1 बजे इंदौर पहुंचेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 09086 इंदौरङ्कमुंबई सेंट्रल स्पेशल हर मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को शाम 5 बजे इंदौर से प्रस्थान करेगी और अगली सुबह 7:10 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी।

# प्रदेश के 10 जिले अटल पेंशन योजना में टॉप टेन में, बालाघाट देश में पहले स्थान पर

**भोपाल।** देश में असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को 60 वर्ष की आयु के बाद एक निश्चित पेंशन राशि प्रदान करने के लिए अटल पेंशन योजना चलाई जा रही है। योजना में अधिक से अधिक असंगठित क्षेत्र के लोगों को जोड़ने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा इस वर्ष 1 मई से 15 जुलाई 2025 तक पूरे देश में विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में नए लोगों को जोड़ने और उनका पंजीयन कराने में मध्यप्रदेश के 10 जिलों ने देश के टॉप टेन जिलों में स्थान बनाया है। इसमें बालाघाट जिले ने देश में प्रथम स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि राज्य के साथ ही बालाघाट के लिए भी बड़ी उपलब्धि है। इस अभियान का फाइनल स्कोर पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण के द्वारा 18 जुलाई को जारी किया गया। इस अभियान में बालाघाट जिले ने 2992 लक्ष्य के विरूद्ध 12 हजार 507 लोगों को अटल पेंशन योजना से जोड़कर 418 प्रतिशत उपलब्धि हासिल किया है। श्योपुर जिले ने 836 के विरूद्ध 2538 लोगों को जोड़कर 304 प्रतिशत उपलब्धि के साथ दूसरे, अलीराजपुर जिले ने 880 के विरूद्ध 1705 लोगों को जोड़कर 194 प्रतिशत उपलब्धि के साथ तीसरे, उज्जैन जिले ने 5676 के विरूद्ध 10813 लोगों को जोड़कर 191 प्रतिशत उपलब्धि के साथ चौथे, अनूपपुर जिले ने 1342 के विरूद्ध 2542 लोगों को जोड़कर 189 प्रतिशत उपलब्धि के साथ पांचवे, उमरिया जिले ने 990 के विरूद्ध 1819 लोगों को जोड़कर 184 प्रतिशत उपलब्धि के साथ छटवें, छिंदवाड़ा जिले ने 4994 के विरूद्ध 9148 लोगों को जोड़कर 183 प्रतिशत उपलब्धि के साथ सातवें, डिंडोरी जिले ने 946 के विरूद्ध 1720 लोगों को जोड़कर 182 प्रतिशत उपलब्धि के साथ आठवें, शहडोल जिले ने 1936 के विरूद्ध 3445 लोगों को जोड़कर 178 प्रतिशत उपलब्धि के साथ नौवें और दमोह जिले ने 1870 के विरूद्ध 3314 लोगों को जोड़कर 177 प्रतिशत उपलब्धि के साथ देश में दसवां स्थान हासिल किया है।

अभियान के अंतर्गत अटल पेंशन योजना में अधिक से अधिक लोगों के नाम जोड़ने मे देश में प्रथम 10 स्थान पर रहे इन जिलों को अवॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस प्रदान किया जाएगा। बालाघाट जिले में कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के नेतृत्व एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ के साथ समन्वय कर इस योजना में लोगों को जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने इस संबंध में बताया कि सम्पूर्ण देश में अटल पेंशन योजना में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। बालाघाट जिले में अभियान के बाद भी जिले में पात्र लोगों को इस योजना से जोड़ने का काम निरंतर जारी रहेगा और 50 हजार के लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास किया जाएगा। अटल पेंशन योजना भारत सरकार की एक सामाजिक सुरक्षा योजना है, जो मुख्य रूप से असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोगों के लिए तैयार की गई है। यह योजना उन लोगों को पेंशन प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, जो रिटायरमेंट के बाद आर्थिक रूप से सुरक्षित रहना चाहते हैं। इसके लिए 18 से 40 वर्ष की आयु के भारतीय नागरिक, जो असंगठित क्षेत्र के कामगार जैसे दिहाड़ी मजदूर, छोटे व्यापारी, घरेलू कामगार, रेहड़ी-पटरी वाले, किसान, आदि पात्र हैं।

## संपादकीय

# पहलगाम नरसंहार के तीन महीने बाद टीआरएफ पर पाबंदी

अमरीका के विदेश मंत्रालय ने बीती 2 जुलाई की आंतरिक बैठक में तय कर लिया था कि 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन घोषित करना है। उसके आतंकियों को 'वैश्विक आतंकवादी' घोषित करना है तथा टीआरएफ पर चौतरफा पाबंदियां चस्पां करनी हैं। यह बुनियादी फैसला भारत सरकार के साथ साझा किया गया था। अंततः इस निर्णय की घोषणा 17 जुलाई को की गई। पहलगाम नरसंहार के तीन महीने बाद अमरीका ने यह निर्णय लिया है तथा उस आतंकी हमले की घोर निंदा भी की है। बहरहाल अमरीका ने साबित कर दिया कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वह भारत के साथ खड़ा है और उसका सहयोगी है। अमरीका कई संदर्भों में दोगला हो सकता है, झूठ भी परोस सकता है, उसकी कूटनीति हो सकती है, लेकिन बुनियादी तौर पर वह भारत-विरोधी नहीं है। भारत उसका रणनीतिक साझेदार है, इस सच को नकार नहीं सकते। टीआरएफ पाकिस्तान में सक्रिय 'लश्कर-ए-तैयबा' का मुखौटा संगठन है। अब लश्कर, जैश-ए-मुहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन, हरकत-उल-मुजाहिदीन, जमात-उद-दावा, मिली मुस्लिम लीग, तहरीक-ए-तालिबान और अल बद्र आदि आतंकी संगठनों की जमात में टीआरएफ भी आ गया है। अमरीका पाकिस्तान के ऐसे 13 आतंकी संगठनों पर पाबंदी चस्पां कर चुका है। हाफिज सईद, मसूद अजहर, सैयद सलाहुद्दीन आदि आतंकियों की तरह टीआरएफ के आतंकियों पर भी पाबंदियां थोप दी गई हैं। टीआरएफ ऐसा संगठन रहा है, जिसके आतंकियों ने 5 अगस्त, 2019, संसद में अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त करने वाले दिन, के बाद जम्मू-कश्मीर में करीब 95 फीसदी लक्षित हत्याएं की हैं। मरम्मत का काम इतना हो चुका है कि बहावलपुर में 'सुभान अल्लाह मस्जिद' के मदरसे में करीब 12,000 छात्र और लश्कर के 'मुरीदके मदरसे' में करीब 6000 छात्र वापस आ चुके हैं। क्या यह फंडिंग करना 'अंतरराष्ट्रीय अपराध' नहीं है? फाट्फ ने 2025 में ही पाकिस्तान की आतंकवाद-निरोधक जांच प्रक्रिया की समीक्षा की योजना बनाई है। यदि आतंकवाद को बढ़ावा देने अथवा आतंकी बुनियादी ढांचे को फंड मुहैया कराने के सबूत सही निकलते हैं, तो पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय फंडिंग बंद हो जाएगी। पाकिस्तान को फाट्फ की ग्रे या काली सूची में भी डाला जा सकता है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख, फील्ड मार्शल जनरल आसिम मुनीर के निर्देश पर जैश सरगना को आईएसआई के एक सेफ हाउस में रखा गया है। लश्कर सरगना हाफिज सईद को सेना के एक सेफ हाउस में रखा गया है।

### यूरोप से लेकर लैटिन अमेरिका तक कब्जा करता जा रहा चीन

# नाटो चीफ भारत को धमका रहे, एक्सपर्ट ने लगाई फटकार



डॉक्टर ब्रह्मदीप अलूने

अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में बलपूर्वक कूटनीति एक आकर्षक रणनीति है। यह पारंपरिक सैन्य बल का उपयोग किए बिना राजनीतिक लागतों के साथ राजनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने की संभावना प्रदान करती है। नाटो के महासचिव मार्क रट ने रूस के बहाने भारत और ब्राज़ील को धमकाने की जो कोशिशें की हैं, उसमें नाटो और अमेरिका की चीन के खिलाफ नाकामियां ज्यादा नजर आती हैं। नाटो के लिए चीन इस दौर की सबसे बड़ी चुनौती है, वहीं दक्षिण अमेरिकी देश ब्राज़ील और चीन का व्यापार यूरोप और अमेरिका के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। चीन न केवल किसी भी अन्य देश की तुलना में ब्राजील से निर्यात खरीदता है, बल्कि वह तेल से लेकर खनिज और कृषि तक प्रमुख क्षेत्रों में उत्पादन को भी नियंत्रित करता है। भारत अमेरिका की हिंद प्रशांत रणनीति के केंद्र में है लेकिन अमेरिका की कई कोशिशों के बाद भी भारत ने चीन से संबंधों को नियंत्रित और संतुलित किया है। यहीं नहीं भारत ने चीन के खिलाफ किसी सैन्य गठबंधन में शामिल होने की संभावनाओं को नकारा है।

यह भी दिलचस्प है की यूरोप, अफ्रीका और पश्चिम एशिया के कई रणनीतिक महत्?व के देशों में चीन की स्थिति को कमजोर करने में अमेरिका और नाटो पूरी तरीके से नाकामयाब रहे हैं। वहीं वे चीन के खिलाफ खड़े होने के लिए भारत जैसे शांत देश पर दबाव डाल रहे हैं। नाटो और अमेरिका हिन्द प्रशांत में भारत की मदद के बिना चीन को चुनौती देने की स्थिति में नहीं हैं और यहीं मजबूरी अब दबाव के रूप में सामने आ रही है। हिंद-प्रशांत, अफ्रीका के तटों से अमेरिका तक फैला हुआ विशाल भौगोलिक समुदी परिक्षेत्र है, जिसमें अरब सागर, खाड़ी क्षेत्र, हिंद महासागर, दक्षिण चीन सागर और प्रशांत महासागर शामिल हैं। यह दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले और आर्थिक रूप से सक्रिय क्षेत्रों में से एक है, जिसमें एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका महाद्वीप शामिल हैं।

**हिंद प्रशांत क्षेत्र पर चीन ने गड़ाई नजर:** हिंद प्रशांत समुद्री व्यापार और रसद मार्गों का केंद्र है। साथ ही भारत और चीन जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाएं आपस में गहरे स्तर पर संबद्ध हुई हैं। जो दुनिया के सबसे बड़े बाजारों का प्रतिनिधित्व करती हैं। यह एक बहु-ध्रुवीय क्षेत्र है जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद और जनसंख्या के आधे से अधिक हिस्?से के लिए जिम्मेदार है। खनिज, तेल और गैस के भंडार होने के साथ ही यहां मछली भी बहुतायत पाई जाती है। हिंद महासागर में भारत की रणनीतिक स्थिति बेहद महत्वपूर्ण है और वह मध्य पूर्व, मध्य एशिया, चीन और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच स्थित है। हिन्द प्रशांत द्वीप समूह पर चीन की लंबे समय से निगाहें हैं। करीब डेढ़ दशक से चीन इस इलाके में अपने व्यापार, आर्थिक मदद, कूटनीतिक और व्यावसायिक गतिविधियों को लगातार बढ़ा रहा है। हिंद प्रशांत द्वीप समूहों के संसाधनों पर चीन की नजर है, ये संसाधन चीन के विकास के लिए अहम हैं। इसलिए इन संसाधनों तक बेहतर पहुंच बनाना भी चीन की प्राथमिकता है। वहीं सामरिक दृष्टि से भी यह माना जाता है कि हिंद प्रशांत क्षेत्र में मजबूती, युद्धकाल में महत्वपूर्ण बढ़त दे सकती है तथा मोलतोल की कूटनीति को भी पुख्ता करती है। एशिया में प्रभाव कायम करने और चीन को दबाने के लिए अमेरिका का सख्त रुख बार बार सामने आता है, लेकिन वह कामयाब नहीं हो पा रहा है। भारत, इंडोनेशिया, ताइवान, मलेशिया, म्यांमार, ताजीकिस्तान, किर्गिस्तान, कजाकिस्तान, लाओस और वियतनाम जैसे देश चीन की विस्तारवादी नीतियों से चिंतित रहे हैं। जबकि हकीकत में क्वाड के सदस्य देशों जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत के चीन से आर्थिक सम्बन्ध मजबूत रहे हैं। वर्ष 2021 में नाटो की रणनीतिक रिपोर्ट में पहली बार चीन को सुरक्षा चुनौती के रूप में नामित किया गया था। इसके बाद साल 2022 के मैड्रिड शिखर सम्मेलन में नाटो ने औपचारिक रूप से कहा था कि चीन की नीतियां नियम आधारित वैश्विक व्यवस्था को चुनौती देती हैं। नाटो की वर्ष 2022 की रणनीतिक अवधारणा इस गठबंधन को चीनी सैन्य, आर्थिक और औद्योगिक चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए ट्रान्?स अटलांटिक प्रयासों के एक अभिन्न अंग के रूप में परिभाषित करती है।



**चीन के खिलाफ भारत को खड़ा करना चाहता है नाटो**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन की पहली क्षेत्रीय विशिष्ट रिपोर्ट हिंद-प्रशांत रणनीति पर फरवरी 2022 में जारी की गई थी, जिसमें यह स्पष्ट किया गया था कि भारत अहम भूराजनीतिक चुनौतियों से घिरा हुआ है। ये चुनौती ख़ासतौर पर चीन और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर उसके रुख़ से मिल रही है। रिपोर्ट में चीन को लेकर कहा गया था कि वह आर्थिक, कूटनीतिक, सैन्य और तकनीकी ताक़त के बल पर हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर प्रभाव डाल रहा है। अमेरिका और नाटो की चीन को चुनौती देने की कोशिशों के बीच भारत से यह अपेक्षा बढ़ गई कि भारत चीन के खिलाफ आक्रामक व्यवहार करें। अमेरिका ने भारत को सैन्य मदद देने की पेशकश कर चीन पर दबाव बढ़ाने की कोशिशें भी की। लेकिन भारत ने बेहद संयमित होकर रणनीतिक फैसले लिए और चीन के खिलाफ किसी विदेशी मदद से परहेज किया। भारत को अमेरिका पर भरोसा नहीं है, वहीं यूरोप के दोहरे मापदंडो को लेकर भी सतर्क रहा है।


चीन ने साल 2012 में मध्य और पूर्वी यूरोपीय देशों के साथ सहयोग बढ़ाने के इरादे से एक फ़ोरम शुरू किया था। इसमें अल्बानिया, बोस्निया एवं हर्जेगोविना, बुल्गारिया, क्रोएशिया, चेक गणराज्य, एस्टोनिया, ग्रीस, हंगरी, लातविया, स्लोवाकिया, मॉन्टेनिग्रो, सर्बिया, पोलैंड नॉर्थ मेसिडोनिया, रोमानिया और स्लोवेनिया शामिल हैं। दक्षिणपूर्वी, मध्य और पूर्वी यूरोप में चीन की भूमिका लगातार बढ़ रही है। यह देखा गया है कि यूरोप और नाटो के एक अहम सदस्य फ़्रांस की नीतियां अमेरिका और चीन को समान और संतुलित रही है। यूरोपीय संघ एक मजबूत संगठन है जो व्यापार, सुरक्षा, कृषि मत्स्य पालन, पर्यावरण और जलवायु सहित विभिन्न क्षेत्रों में काम करता है। वैश्विक कूटनीति में इसका अहम स्थान है। यूरोपीय संघ स्थिरता, सुरक्षा, समृद्धि, लोकतंत्र, आधारभूत स्वतंत्रता एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विधि के नियमों को बढ़ावा देने के लिये कार्य करता है। अमेरिका के साथ इसके गहरे आर्थिक और सामरिक सरोकार है और नाटो इसका संवर्द्धन करता है।

**भारत के अलावा नाटो के पास विकल्प नहीं:** भारत की अपनी रणनीतिक जरूरते हैं और इस कारण भारत सैन्य गठबन्धनों से दूर रहा है। अब नाटो प्रमुख भारत पर दबाव बनाने की कोशिशें कर रहे हैं लेकिन अमेरिका और नाटो यह भलीभांति जानते हैं कि यदि उन्हें चीन की चुनौती का मुकाबला करना है तो भारत से बेहतर उनका कोई और सहयोगी देश नहीं हो सकता। जाहिर है कि भारत को नाटो की जरूरत नहीं है लेकिन अमेरिका और नाटो को भारत की हमेशा जरूरत पड़ती रहेगी। यही कारण है कि भारत ने नाटो, यूरोप और अमेरिका को कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि भारत जनता की ऊर्जा जरूरतों के आगे किसी तरह के अंतरराष्ट्रीय दबाव या दोहरे मापदंड को नहीं स्वीकारेगा और वह वैश्विक हालात और बाजारों के मुताबिक ही अपने फैसले लेता रहेगा।

# नशे से दूरी है जरूरी - समाज की सुरक्षा, सभी की ज़िम्मेदारी



(प्रवीण कक्कड़)



आज का युवा देश का भविष्य है, लेकिन अगर यही भविष्य नशे की गिरफ्त में उलझ जाए तो पूरी पीढ़ी का अंधकार तय है। तेजी से बढ़ती नशे की प्रवृत्ति केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय संकट का रूप ले चुकी है। दुखद यह है कि आज का युवा नशे को ÷कूल÷ समझने लगा है, जबकि यह उसकी सबसे बड़ी ÷भूल÷ है। एक बार जो लत लगती है, वह मस्ती से जरूरत और फिर बर्बादी में बदल जाती है - और जब तक होश आता है, तब तक बहुत कुछ खो चुका होता है।

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर से लेकर राजधानी भोपाल तक, नशे की यह गंदगी चुपचाप फैल रही है। ड्रग्स, एलएसडी, सिंथेटिक पदार्थ, स्टीकर और गांजा - ये अब केवल गली-कूचों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कोचिंग, कॉलेज और सोशल पार्टीज़ के आम हिस्से बन चुके हैं। नशे की इस अंधी दौड़ में ना सिर्फ युवक, बल्कि युवतियाँ भी तेजी से शामिल हो रही हैं।

नशे की यह बीमारी शरीर को ही नहीं, दिमाग को भी जकड़ लेती है। डिप्रेशन, अकेलापन, हिंसा और आत्महत्या जैसे परिणाम इसी के नतीजे हैं। रिपोर्टों के मुताबिक भारत में नशे का अवैध कारोबार 30 लाख करोड़ से ज्यादा का हो चुका है, और 10 से 75 साल के बीच के लगभग 20त्न भारतीय किसी न किसी नशे के शिकार हैं। इंदौर में तीन सालों में ड्रग्स से जुड़े युवाओं की संख्या 27त्न तक बढ़ी है। यह संख्या केवल आंकड़े नहीं हैं, यह टूटते सपनों और उजड़ते घरों की चीखें हैं।

**नशे के पीछे के कारण॰** पारिवारिक टूटन और तनाव॰ माता-पिता में झगड़े, आर्थिक तंगी या भावनात्मक उपेक्षा युवाओं को नशे की ओर धकेलते हैं।

साथियों का दबाव॰ सब कर रहे हैं वाली सोच, युवाओं को बर्बादी की राह पर ले जाती है।

मानसिक दबाव सफल होने की दौड़ में जब आत्मबल गिरता है, तब कई युवा शॉर्टकट के तौर पर नशे को चुन लेते हैं।


**अभियान की मुख्य विशेषताएं, जो उम्मीद जगाती हैं:** सीधा संवाद॰ पुलिस अधिकारी स्कूल, कॉलेज और कोचिंग संस्थानों में युवाओं से सीधे बात कर रहे हैं, उन्हें नशे के खतरों के बारे में समझा रहे हैं। यह सिर्फ़ लेक्चर नहीं, बल्कि एक दिल से दिल तक की बात है। जन-जागरण की गूँज॰ रैलियाँ, नुक्कड़ नाटक और पोस्टर अभियान छात्रों, एनसीसी, एनएसएस और स्वयंसेवकों की भागीदारी से पूरे समाज में जागरूकता फैला रहे हैं। यह सिर्फ़ पुलिस का काम नहीं, बल्कि हर हाथ का सहयोग है। तस्करों पर लगाम॰ ड्रग पैडलर्स पर लगातार और सख्त कार्रवाई हो रही है। एक साथ कई ज़िलों में चलाए गए ऑपरेशन से तस्करों की कमर तोड़ी जा रही है। यह दिखाता है कि अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। पूरे समाज की मुहिम॰ एनजीओ और धर्मगुरुओं की भागीदारी से यह सिर्फ़ पुलिस की नहीं, बल्कि पूरे समाज की मुहिम बन चुकी है।

इस अभियान के तहत नशा विरोधी समितियाँ बनाकर स्थानीय समाज को भी अपनी ज़िम्मेदारी समझने के लिए प्रेरित किया गया है। जब शिक्षक, माता-पिता, धर्मगुरु और प्रशासन एकजुट होकर काम करते हैं, तब युवा भटकते नहीं, बल्कि उन्हें सही दिशा मिलती है।

**समाधान और हमारा संकल्प॰** नशे से मुक्ति का पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम है - यह स्वीकार करना कि नशा एक घातक ज़हर है। जब हम इस सच्चाई को दिल से मान लेते हैं, तभी बदलाव की शुरुआत होती है। इसके बाद परिवार, समाज और संस्थाओं से सहयोग लेकर युवाओं को सही परामर्श, पुनर्वास और आत्मबल की ओर बढ़ाना होगा। हमें यह समझना होगा कि नशा केवल कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं, बल्कि हर परिवार, हर मोहल्ले की एक गंभीर चुनौती है। मध्य प्रदेश पुलिस ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से यह साबित कर दिया है कि यदि इरादे मजबूत हों, तो बदलाव असंभव नहीं है। नशे से दूरी है ज़रूरी÷ अब केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक आंदोलन बन चुका है। आने वाले समय में यह पूरे देश के लिए एक मॉडल बन सकता है - कि कैसे पुलिस, समाज और युवा मिलकर अपने भविष्य को फिर से सँवार सकते हैं, उसे नशे के अंधकार से निकालकर आशा और उज्ज्वलता की ओर ले जा सकते हैं।

क्या हम सब मिलकर इस नेक कार्य में अपनी भूमिका निभाएंगे और एक नशामुक्त, स्वस्थ और समृद्ध समाज का निर्माण करेंगे।

# मन को भाया दुबई में इंदौरी दबदबा और स्पेन में कालबेलिया की छटा



कौशल किशोर चतुर्वेदी



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव निवेशकों को आकर्षित करने के लिए दुबई और स्पेन की साथ दिवसीय यात्रा कर 20 जुलाई की शाम मध्य प्रदेश वापस लौटे। दुबई को डॉ. मोहन यादव ने लघु विश्व के रूप में महसूस किया। तो दुबई के इस्कॉन मंदिर ने उन्हें आनंद से भर दिया। निवेशकों ने भी मध्य प्रदेश में करीब 5000 करोड़ निवेश की इच्छा जताई है। तो दुबई में इंदौरी दबदबे ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मन मोह लिया। वही बात स्पेन की करें तो टेक्सटाइल और कल्चर के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को बहुत कुछ पाने की उम्मीद जगी है।? पर स्पेन और मध्य प्रदेश सहित भारत के रिश्ते सांस्कृतिक रूप से बहुत करीब है। स्पेन के फ्लेमिंगो नृत्य में डॉ. मोहन यादव को हमारे कालबेलिया नृत्य की झलक दिखाई दे गई। और विशेष बात यह है की स्पेन के लोग भी खुले दिल से कालबेलिया और फ्लेमिंगो को करीब मानते हैं। और उन्हें यह स्वीकार करने में भी कोई हिचक नहीं है कि कालबेलिया नृत्य ही फ्लेमिंगो बनकर स्पेन की संस्कृति को मजबूत कर रहा है। तो स्पेन में भारतीय रेस्टोरेंट्स में खाना खाकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आनंदित हो गए। और यह देखकर और ज्यादा खुश हुए कि भारतीय व्यंजनों का स्वाद चखने के लिए 90 फ़ीसदी स्पेन के लोग खाना-खजाना जैसे भारतीय रेस्टोरेंट्स में आते हैं। स्पेन से भी मध्यप्रदेश में जहां करीब 6000 करोड़ निवेश की उम्मीद जगी है, तो वही विदेशी भाषा में कुशल युवाओं को स्पेन में रोजगार मिलने की संभावनाएं भी संबंधों को मजबूत करने वाली बन सकती हैं। वैदेशिक संबंधों को नई ऊर्जा देने वाली दुबई और स्पेन की इस यात्रा को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सफलतम यात्रा बताया है। और यात्रा की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूर-दृष्टि और कुशल नेतृत्व को दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अलग-अलग सेक्टर में काफी निवेश की संभावनाएं हैं। दुबई और स्पेन के 7 दिन के प्रवास से मध्यप्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की अच्छी संभावनाएं बनी है।

निवेश धीरे-धीरे धरातल पर भी उतर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस विदेश यात्रा से मध्यप्रदेश में कृषि, फार्मास्यूटिकल्स, खनन, उद्योग और पर्यटन विकास के क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं निकलकर सामने आई हैं, जिससे रोजगार के नए अवसरों के साथ-साथ औद्योगिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। और इन्हीं प्रयासों से मध्यप्रदेश अब बड़ी तेजी से निवेश के लिए एक आदर्श राज्य के रूप में उभर रहा है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने स्पेन की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान जनवरी 2025 में घोषणा की थी कि 2026 को भारत और स्पेन के बीच संस्कृति, पर्यटन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में प्रगति का जश्न मनाने के लिए 'दोहरे वर्ष' के रूप में चिह्नित किया जाएगा। प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए, जयशंकर ने विश्व स्तर पर भारत की सकारात्मक छवि बनाने में उनकी भूमिका को स्वीकार किया था और भारत-स्पेन संबंधों की बढ़ती संभावनाओं पर ज़ोर दिया था। और भारत की इसी नीति को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्य प्रदेश और स्पेन के बीच पर्यटन, संस्कृति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षेत्र में कदम आगे बढ़ाए हैं। डेढ़ साल के अपने कार्यकाल में मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेशकों को आकर्षित करने की दृष्टि से दुबई, स्पेन, इंग्लैंड, जर्मनी और जापान की यात्रा कर चुके हैं। और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुताबिक देश और विदेश से निवेश के प्रस्ताव धरातल पर भी आकार ले रहे हैं। दुबई में इंदौरी दबदबा और स्पेन में फ्लेमिंगो के रूप में कालबेलिया नृत्य की अनुभूति ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को आनंद से भर दिया। निश्चित तौर से यह अनुभूति मध्यप्रदेश के सभी नागरिकों के मन को भी संतोष से भरती है, लेकिन निवेश के जरिए ही मध्यप्रदेश विकास के नए युग में प्रवेश करेगा। और विरासत के साथ विकास का वह दृश्य ही मध्य प्रदेश के नागरिकों को संतोष से भरेगाज और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की औद्योगिक और निवेश प्रोत्साहन के महत्वाकांक्षी लक्ष्य पर मुहर लगाएगा। इस पर ही सत्ता पक्ष, विपक्ष और पूरे मध्य प्रदेश की निगाहें हैं फिलहाल के लिए यह काफी है कि डॉ. मोहन यादव के मन को भाया दुबई में इंदौरी दबदबा और स्पेन में कालबेलिया की छटा।

# अंतर्राष्ट्रीय चंद्रमा दिवस : वैज्ञानिक दृष्टिकोण से चंद्रमा गुरुत्वाकर्षण शक्ति और सारी पृथ्वी के जल तत्त्व को नियंत्रित करता है



योग गुरु महेश अग्रवाल

आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि चंद्रमा औषधियों का स्वामी है, चंद्रमा अमृत है वह जीवन के लिए संजीवनी है। चंद्र चराचर जगत और विशेषकर संवेदनाओं, जीवनचर्या को मंगलमय बनाए रखने में सर्वाधिक योग कारक है। इसलिए प्रत्येक धर्मावलम्बी, योग साधक, प्रकृति प्रेमी चंद्र को अपने धार्मिक, आध्यात्मिक व ज्योतिषीय जीवन में विशेष प्रधानता दिया करता है। चन्द्रमा की राशि कर्क जलतत्व है और स्वयं चंद्र भी जलतत्व कारक होकर मनुष्य की भावना का कारक है। शरीर में सबसे अधिक मात्रा जल की है इसलिए मन और बुद्धि दोनों चन्द्रमा से प्रभावित होती है।

1969 में इसी दिन अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग और बज़ एल्ड्रिन के नेतृत्व में नासा का अपोलो 11 मिशन चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतरा था, यह एक ऐसा क्षण था जो हमारी सामूहिक स्मृति में अंकित हो गया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को मान्यता देते हुए, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2021 में 20 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय चंद्रमा दिवस के रूप में घोषित किया। हर साल 20 जुलाई को चंद्रमा दिवस मनाया जाता है। इस दिन को इसलिए मनाया जाता है क्योंकि चंद्रमा पर 20 जुलाई साल 1969 को मनुष्य ने पहली बार चंद्रमा पर कदम रखा था। नासा द्वारा चंद्रमा पर मनुष्य के पहली बार कदम रखने को आज तक की सबसे बड़ी तकनीकी उपलब्धि माना जाता है। इस दिन के बाद से सभी लोगों को यह विश्वास हो गया था, कि मनुष्य पूरे ब्रह्मांड की यात्रा करने में सक्षम है।

योग गुरु अग्रवाल नें बताया कि योग अभ्यास में चन्द्र नाड़ी का बड़ा महत्व है, सांस लेने के लिए हमारे पास दो नासिका छिद्र हैं। योग में इसे नाड़ी कहा जाता है, जिसमें दायीं नासिका को सूर्य नाड़ी और बायीं नासिका को चंद्र नाड़ी के नाम से जाना जाता है।

**इडा एवं पिंगला** – हमारी मानसिक संरचना में तीन प्रमुख नाड़ियाँ हैं- इडा, पिंगला और सुषुम्ना। कभी-कभी शक्ति की इन धाराओं को पवित्र गंगा, यमुना एवं सरस्वती भी कहा जाता है। मेरुदण्ड के आधार से थोड़ा नीचे एक बिन्दु से प्रारम्भ होकर इडा नाड़ी मेरुदण्ड के ढाँचें के बाईं ओर ऊपर सीधे मस्तक के मध्य से प्रवाहित होती है और उत्पत्ति के उसी बिन्दु से पिंगला नाड़ी दाहिनी ओर प्रवाहित होते हुए मस्तक के मध्य में इडा से जा मिलती है। सुषुम्ना नाड़ी मेरुदण्ड के अति सूक्ष्म सार भाग में प्रवाहित होती है।

हठयोग के ग्रन्थों में इडा नाड़ी को चन्द्र नाड़ी और पिंगला को सूर्य नाड़ी कहा गया है और उनके एक-दूसरे का पूरक होने का संकेत दिया गया है। इन दो नाड़ियों का प्रभाव क्षेत्र एक साथ ही भौतिक, मनोवैज्ञानिक तथा आध्यात्मिक है, क्योंकि ये भौतिक शरीर से सभी कोशों में, मानस के द्वारा सूक्ष्म अन्तरात्मा में प्रवेश कर विकसित होती हैं। शारीरिक स्तर पर इडा एवं पिंगला नाड़ियों में प्राण के प्रवाह को स्वचालित स्नायु-तन्त्र की क्रिया से जोड़ा जा सकता है। इडा नाड़ी की प्रबलता परानुकम्पी (शिथिलीकरण) स्नायविक तन्त्र की प्रबलता के समरूप है और पिंगला नाड़ी की प्रबलता अनुकम्पी स्नायविक तन्त्र की प्रबलता के समरूप है। जब इडा का प्रवाह होता है तब श्वास बायीं नासिका में अधिक होगी। जब पिंगला प्रवाहित होती है तब दाहिनी नासिका में श्वास अधिक होगी। मनोवैज्ञानिक स्तर पर इडा नाड़ी के प्रवाह का सम्बन्ध उस क्रिया से जोड़ा जा सकता है जिसे आजकल हम दाहिने मस्तिष्क की क्रिया कह सकते हैं, शब्द नहीं बल्कि चित्रों में समग्र विचार-धारा, अन्तर्ज्ञान, ग्राह्यता, अपने अन्तरतम के प्रति पूर्वान्मुख होना। पिंगला नाड़ी का सम्बन्ध बायें गोलार्द्ध से है - तर्क, विश्लेषण, मौखिक चिन्तन, पहल, बाह्य जगत् के प्रति पूर्वोन्मुखता। यह भी कहा जा सकता है कि इडा किसी क्रिया के लिये हमें प्रेरणा प्रदान करती है और पिंगला उसे इस जगत् में क्रिया के द्वारा वास्तविकता में परिणत करने की क्षमता प्रदान करती है। इडा नाड़ी को प्रायः मनोवाहिनी कहा जाता है, मानस शक्ति वाहिनी, मानसिक शक्ति या सजगता। पिंगला गत्यात्मक शक्ति से सम्बन्धित है तो इडा मानसिक एवं पराभौतिक सजगता से। इन दो मुख्य तरंगों में प्रवाहित प्राण का वितरण भौतिक शरीर सहित सभी कोशों से वाहिनियों के बहुसर्जक जालक द्वारा, जिन्हें भी हम नाड़ियाँ कहते हैं, होता है। उपनिषद् में कहा गया है कि मानव जीव में बहत्तर हजार नाड़ियाँ हैं जो शरीर की ओजस्विता, जीवनी शक्ति, मस्तिष्क की स्वच्छता और चेतना की सूक्ष्मता को बनाये रखती हैं। रोगों का उद्गम - योगी पुरुष रोग और अस्वस्थता को नाड़ियों से प्राण के सहज प्रवाह या अवरुद्ध प्रवाह के परिप्रेक्ष्य में ही देखते हैं। यदि किसी बिन्दु पर प्राण का प्रवाह बाधित होता है तब वहाँ बीमारी होगी। जब किसी बिन्दु पर शक्ति की अधिकता या कमी होगी तो उसके परिणाम स्वरूप भी अस्वस्थता होगी। जब हमारे अन्दर प्राण का सन्तुलित एवं सुनियोजित वितरण होगा तब स्वास्थ्य एवं सुखमयता का प्रादुर्भाव होगा। उच्चतम स्वास्थ्य को बनाये रखने में और उसे पुनर्स्थापित करने में योग अत्यन्त प्रभावशाली होता है, मुख्यतः इसलिये कि योग के अभ्यास प्राणशक्ति के पुनर्वितरण एवं उसे सुमेलित करने के उद्देश्य से ही निर्दिष्ट होते हैं। शक्ति-प्रवाह के अवरोधन एवं असन्तुलन का प्रादुर्भाव, जिसका प्रत्यक्षीकरण विभिन्न प्रकार की शारीरिक बीमारियों में होता है, किसी एक कोशिका में हो सकता है। अतएव इसका कारण भौतिक, भावनात्मक, मानसिक, पराभौतिक या आध्यात्मिक हो सकता है। बीमारियों के सही लक्षण इस बात पर निर्भर होंगे कि कौन-सी नाड़ी अवरुद्ध है। इसकी पहचान हो जाने से यह स्पष्ट हो जायेगा कि किस प्रकार हमारी विभिन्न व्याधियों एवं शारीरिक कष्टों की जड़ में मानसिक या भावनात्मक उथल-पुथल है या अवहेलना है या आन्तरिक जीवन की कोई कुण्ठा है। सुषुम्ना नाड़ी - जब इडा, पिंगला एवं अन्य सभी लघु नाड़ियाँ पूरी तरह से परिष्कृत हैं, अर्थात् जब सभी अवरोध और प्रतिरोध हटा दिए गये हैं, जब प्राण-शक्ति का प्रवाह अबाध और समन्वित है उस समय एक तीसरी नाड़ी क्रियाशील होती है। यह है सुषुम्ना नाड़ी, आध्यात्मिक शक्ति वाहिनी।

योग-साधना का उद्देश्य इडा एवं पिंगला को सन्तुलित करना है। मानसिक एवं जीवनी-शक्तियों को सन्तुलित करना, ग्राह्यात्मक एवं सृजनात्मक ऊर्जाओं का सन्तुलन करना और पूरे व्यक्तित्व का अक्षरशः सन्तुलित विकास करना होता है। जब इस उद्देश्य की प्राप्ति हो जाती है तब सुषुम्ना नाड़ी क्रियाशील हो जाती है और तब हमें एक सूक्ष्म एवं अति प्रबल शक्ति प्राप्त होती है जो यर्थाथतः सृजनात्मक आध्यात्मिकता होती है। जब अनुभवातीत सजगता कुण्डलिनी शक्ति के रूप में सुषुम्ना में प्रवाहित होती है तब हम चेतना की व्यापक अवस्था का अनुभव करते हैं और वह हमें आध्यात्मिक अन्तर्ज्ञान और ज्योति प्रदान करती है। गर्मियों में जरूरी है चंद्रभेदन प्राणायाम - पेट की गर्मी, खट्टी डकारें व मुंह के छाले दूर होते हैं। इसे प्रतिदिन करने से रक्त शुद्ध होता है और ये प्राणायाम त्वचा के रोगों में भी लाभकारी है। क्योंकि इसको करने से चन्द्र नाड़ी क्रियाशील हो जाती है, जिससे उच्च रक्तचाप, चिड़चिड़ेपन, अनिद्रा व तनाव को दूर किया जा सकता है। योगियों का कहना है कि चंद्र नाड़ी से श्वास-प्रश्वास प्रवाहित होने पर वह मस्तिष्क को शीतलता प्रदान करता है। चंद्र नाड़ी से ऋणात्मक ऊर्जा प्रवाहित होती है। जब सूर्य नाड़ी से श्वास-प्रश्वास प्रवाहित होता है तो शरीर को उष्मा प्राप्त होती है यानी गर्मी पैदा होती है। सूर्य नाड़ी से धनात्मक ऊर्जा प्रवाहित होती है।

पूर्णिमा का महत्व -सृष्टि में प्रत्येक वस्तु का प्रभाव दूसरी वस्तु पर होता है। इसी प्रकार पूर्णिमा और अमावस्या का भी मनुष्य के शरीर और मन पर प्रभाव पड़ता है। किन्तु जो व्यक्ति प्राणायाम, ध्यान और योग करते हैं वो इन सभी प्रभावों से मुक्त हो जाते हैं।

चन्द्रमा का हमारे शरीर पर प्रभाव 7 हम जो भोजन करते हैं वह मुख्यतः दो प्रकार की शक्तियों में परिवर्तित हो जाता है - मनःशक्ति और प्राणशक्ति। मनःशक्ति का केंद्र शीर्षग्रंथि में होता है जहां से जीवन के लिए उपयोगी हार्मोनस का स्राव होता है। ऐसी मान्यता है कि चन्द्रमा यहां प्रवेश कर रात्रि को सोने से लेकर सुबह उठने तक हमारा संचालन करता है। चन्द्रमा की रोशनी मनुष्य, पेड़ पौधों, जानवरों, जीव जंतुओं सब पर अपना प्रभाव डालती है। मानव शरीर तो 70 प्रतिशत पानी से बना हुआ है - अतः पूर्णिमा कि रात्रि का ध्यान साधक को अपने अंतर्मन में झाँकने, मन के परे और दिव्यता का अनुभव करने के लिए अति लाभकारी होता है। पूर्णिमा की रात्रि का ध्यान मन व शरीर में सुफुर्ति लाता है। इसे पूर्वी या पश्चिमी दिशा में बैठकर किया जाता है। खुली जगह में चन्द्रमा की रोशनी में इस ध्यान को करना अति उत्तम माना जाता है।

हिंदू धर्म में प्रत्येक दिन का विशेष महत्व है। हर दिन किसी न किसी देवी-देवता और ग्रहों की पूजा होती है। इसी तरह सोमवार के दिन चंद्रमा की पूजा की जाती है। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार, चंद्रमा को मनुष्य के ज्ञान, बुद्धि और मन का स्वामी कहा जाता है। कुडंली में चंद्रमा के कमजोर होने से व्यक्ति का जीवन बहुत कष्टकारी हो जाता है, इसीलिए सोमवार के दिन विधि-विधान से चंद्रमा की पूजा करने से ग्रह दोष शांत हो जाते हैं। कुडंली में चंद्रमा के सही होने से जीवन में सुख-शांति, धन, वैभव और यश आदि की प्राप्ति होती है। सोमवार के दिन चंद्रमा की पूजा से व्यक्ति को विशेष लाभ की प्राप्ति होती है।

**चंद्रमा की पूजा के विशेष लाभ** -सोमवार के दिन चंद्रमा की पूजा करने से व्यक्ति को धन की कमी नहीं रहती और जीवन धन्य-धान्य से भरा होता है। इससे व्यक्ति का मन और मस्तिष्क स्वस्थ्य रहता है। इस दिन चंद्रमा का व्रत रखने से माता-पिता के जीवन से कष्ट का निवारण होता है। चंद्र ग्रह को बहुत ही शीतल माना जाता है। सोमवार के दिन उपवास रखने से उग्र व्यक्ति के व्यवहार में शीतलता आती है। उसके स्वभाव में विनम्रता आती है। चंद्रमा की पूजा से भगवान शंकर भी प्रसन्न होते हैं, जिससे व्यक्ति के जीवन में खुशहाली का आगमन होता है। चंद्रमा की पूजा से मन शांत और संयमित रहता है, जिससे व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म. प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

## तीन स्थानों से शराब जब्त

**शहडोल।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में पुलिस ने दबिश देकर शराब जब्त की है। इसमें पुलिस ने तीन स्थानों में छापामार कार्रवाई करते हुए 21 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 2850 रुपए जब्त करते हुए आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

## सांदीपनि स्कूल जबेरा में किया गया वृक्षारोपण



**दमोह।** जिले की जबेरा विधानसभा के सांदीपनी मॉडल स्कूल जबेरा के बालक छात्रावास एवं बालिका छात्रावास में स्थानीय विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्य विभाग मंत्री मध्य प्रदेश ने शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया।प्राचार्य संजय बाजपेई ने बताया कि 250 से अधिक पौधों का रोपण किया गया है जिसकी लागत लगभग 20000 रुपए है जिसमें जन सहयोग से ?10000 की राशि प्रदान की गई माननीय माननीय मंत्री जी की उपस्थिति में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ है मैं माननीय मंत्री जी का बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन,मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे,उप प्राचार्य अजय सिंघई, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिनोद वाजपेई, शिक्षकों रामकिशोर शर्मा, उमेश शर्मा, सुखनंदन साहू , महेश साहू, सुनील बाजपेई, प्रीति साहू, विवेक जैन, माखन साहू पप्पू राय, विभा तिवारी, दुर्गा पटेल, प्रज्ञा जैन,मोहन सेन सहित अन्य शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

## रजनीश नागर प्रदेशाध्यक्ष, संजीव बने युवा संघ के जिलाध्यक्ष



**औबेदुल्लागंज(संवाददाता)। अखिल** भारतीय श्री धाकड़ महासभा भारतवर्ष के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय नन्देड़ा के द्वारा (इकलामा) निवासी रजनीश नागर को अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा युवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया एवं तामोट निवासी संजीव नागर को अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा युवा संघ जिला रायसेन के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया इन दोनों की नियुक्ति पर समाज के लोगों नें हर्ष व्यक्त किया शुभकामनाएं प्रेषित की।

## मानव श्रृंखला बनाकर चलाया नशे से दूरी है जरूरी जन जागरूकता अभियान




**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय की और से नशे से दूरी है जरूरी हर जिले में नशा मुक्ति के लिए जन जागरूकता अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलाया जा रहा है इसी के तारतम्य में एसडीओपी एवं थाना प्रभारी ओबेदुल्लागंज के नेतृत्व में सीताराम चौराहे पर मानव श्रृंखला कर लोगो को जागरूक किया एवं नशे से दूरी है जरूरी रहने की अपील की और नशे के दुष्प्रभाव के बारे जागरूक किया गया और नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया, ओबेदुल्लागंज पुलिस की इस पहल का उद्देश्य समाज में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है।



पंचायत ग्रामीण एवं श्रम कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने विदेश यात्रा पर लौटने पर अपने प्रभार के जिले रीवा में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव की अगवानी कर स्वागत किया और सफलतम विदेश यात्रा की बधाई दी

# फिर शहडोल सीमा पर लौटा हाथियों का दल, वन विभाग की टीम गठित

**शहडोल।** बीते कुछ दिनों से जिले मे हाथियों का आतंक जारी है। उमरिया घुनघुटी के रास्ते शहडोल पहुचे 4 हाथियों के दल को कड़ी मशक्क्त के बाद वन विभाग ने जिले के बॉर्डर से बाहर किया था। अब उन्ही हाथियों का दल अनूपपुर सीमा पर पहुंच पुनः शहडोल के हरदी गांव मे वापस आकर उतपात मचा रहा है। जंगली हाथियों की दोबारा वापसी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हाथियों ने दो दिनों में सिलपरी, कठई, कोल्हारू टोला और कोदवार कला जैसे गांवों में एक दर्जन से अधिक घरों को नुकसान पहुंचाया है। वन विभाग के अधिकारियो का कहना है कि हाथियों की निगरानी के लिए 50 से अधिक वनकर्मियों की तैनाती की गई है। साथ ही गांव-गांव मुनादी कर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। विभागीय टीम नुकसान का पंचनामा तैयार कर उसे राजस्व विभाग को सौंप रही है। वन



विभाग आकाशवाणी के माध्यम से भी हाथियों से सुरक्षा को लेकर आवश्यक जानकारिया जन जन तक बात पहुंचने की कोशिश कर रहा है।

# ग्रामीणों के घरों, फसल, पशु एवं जन हानि का सम्पूर्ण सर्वे कर मुआवजा वितरण करें: कमिश्नर

### निचले क्षेत्र में निवासरत लोगों को स्थाई आवासीय पट्टा देने के निर्देश

**छतरपुर।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने रविवार को छतरपुर जिले में 18 जुलाई को अतिवृष्टि से बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र छतरपुर ब्लॉक के ग्राम मोरवा एवं धामची का रविवार को निरीक्षण किया।

इस दौरान कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एडीएम मिलिंद नागदेवे, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, एसडीएम अखिल राठौर, तहसीलदार, सीईओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



कमिश्नर सागर श्री सुचारी ने ग्राम पंचाटत मोरवा के ग्राम चौकीपुरवा में ग्रामीणों से चर्चा करते हुए उनके हुए नुकसान की जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों से नुकसान, रुकने, खाने पीने की व्यवस्था आदि के बारे में पूछा और उनको खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। कमिश्नर ने ग्रामीणों को कपड़े एवं खाद्यान्न सामग्री भी वितरित किए। साथ ही उनकी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने गांव के गिरे हुए घरों का मौके पर निरीक्षण कर उनके नुकसान का शीघ्र आंकलन कर नियमानुसार मुआवजा देने के निर्देश दिए। साथ ही बारिश से नुकसान हुई फसलों के सर्वे उपरांत मुआवजा देने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने ग्रामीणों की मांग पर निचली जगह में बसे घरों को दूसरी आबादी वाली भूमि चिन्हित कर लोगों को स्थाई आवासीय पट्टा देने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि सरकार द्वारा उनको पूर्ण मदद दी जाएगी। तदोपरांत उन्होंने पंचायत भवन में अस्थाई रूप से ग्रामीणजन की रुकने की बनाई गई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। साथ ही रुके हुए ग्रामीण जनों से चर्चा की। उन्होंने पंचायत भवन में रुकने और वहां खाने पीने आदि व्यवस्था बेहतर इंतजाम करने के निर्देश दिए।


इसके बाद कमिश्नर ने उर्मिल नदी से प्रभावित ग्राम धामची का भी निरीक्षण किया और ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी क्षति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घरों, फसलों एवं पशु हानि सहित सभी प्रकार के नुकसान का आकलन करें और मुआवजा वितरण की कार्यवाही करें।

### जिले में अब तक दर्ज की गई 590.8 मि.मी. औसत वर्षा

**शहडोल** -अधीक्षक भू-अभिलेख शहडोल ने जानकारी दी है की जिले में 19 जुलाई को कुल 0 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षामापी केन्द्र सोहागपुर में 0 मिमी., बुढ़ार में 0 मिमी., गोहपारू में 0 मि.मी., जैतपुर में 0 मिमी, चन्नौड़ी में 0 मिमी., ब्यौहारी में 0 मिमी, जयसिंहनगर में 0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में 01 जून 2025 से अब तक वर्षामापी केन्द्र सोहागपुर में 614 मिमी., बुढ़ार में 341 मिमी., गोहपारू में 590 मि.मी., जैतपुर में 700 मिमी, चन्नौड़ी में 671 मिमी., ब्यौहारी में 772 मिमी, जयसिंहनगर में 448 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस प्रकार जिले में अब तक औसत वर्षा 590.8 मिमी. दर्ज की गई है।

# कांवड़ियों से भरी बस का घाट मे ब्रेक फेल, ट्रक चालक की सूजबूझ से बची जान



**शहडोल।** छत्तीसगढ़ के रायपुर से मैहर जा रही कावड़ियों की बस का ब्रेक फेल होने से बस अनियंत्रित होकर ट्रक से जा टकराई, घाट उतर रहे ट्रक चालक की समझदारी से बस मे सवार कावड़ियों की जान सुरक्षित बच पाई है।

जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के रायपुर से मैहर जा रही कावड़ियों की बस का अचानक सिंहपुर थाना क्षेत्र के पतखाई घाट मे ब्रेक फेल हो गया। कावड़ियों से भरी बस घाट मे ढलान होने के कारण अनियंत्रित होकर आगे जा रहे ट्रक से जा टकराई,अचानक हुए इस हादसे से चालक द्वारा ट्रक चालक को किए गए इशारे की तत्परता को समझते हुए ट्रक चालक ने तुरंत गाड़ी को बस के आगे लगा लिया।इससे बस की गति रुक गई और एक बड़ा हादसा टल गया।बस की रफ़्तार का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है की बस और ट्रक की टक्कर के दौरान बस मे आगे लगे काच का हिस्सा पूरी तरह टूट गया।मामले पर सिंहपुर पुलिस ने बताया बस मे लगभग 50 महिलाओं सहित बच्चे शामिल थे। हादसे मे कोई जनहानि की खबर नहीं है। सभी को दूसरी बस आने तक थाने मे रुकवाया गया, बस आते ही उन्हें सुरक्षित गनतव्य के लिए रवाना किया जायेगा।

### जिले में खनिज विभाग की खुलेआम लापरवाही का साक्ष्यों के साथ

## अवैध रेत भंडारण कर शासन के नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां



**मंडला।** जिले में खनिज विभाग की लापरवाही तथा भ्रष्टाचारी के अनेकों मामले मयसाक्ष्य आला-अधिकारियों को सौपे जा चुके, परन्तु नीचे से ऊपर तक नेता, राजनीति और भ्रष्टाचार की बदौलत चलाई जा रही खनिज विभाग में कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। शासकीय दिशा-निर्देश अनुसार रेत उत्खनन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है बावजूद इसके जिले में अवैध उत्खनन के साथ-साथ किये गए अवैध भण्डारण को दुगुना दाम पर बेचा जा रहा है।

**नियम विरुद्ध किया गया अवैध रेत भंडारण:** शासनादेश अनुसार जारी दिशा-निर्देश के विरुद्ध रेत भण्डारण कर क्षमता से अधिक भण्डारण किया गया है जहां कागजी कार्यवाही के तहत किए गए भण्डारण के विपरित मौके पर क्षमता से अधिक रेत भण्डारण कर शासकीय राजस्व को खुलेआम डकारा जा रहा है और शासकीय राजस्व की इस चोरी और भ्रष्टाचारी में नेता, अधिकारी तथा राजनैतिक दलों के पदाधिकारी भी शामिल हैं, जिनके दवाब शासकीय विभाग में बैठे जिम्मेदारों ने उनके दवाब अपना कर्तव्य भूलकर भ्रष्टाचार और लापरवाहियों को संरक्षण प्रदान कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घुघरी के नाक के नीचे रेत चोर कर रहे अवैध रेत का विक्रय और बिना रायल्टी के परिवहन वही इन सबके के पीछे स्थानीय प्रशासन और पुलिस की साठगांठ बू आ रही है अनुविभागीय अधिकारी की मुसीबत आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र मंडला जिले में यूं तो राज्य सरकार और जिला प्रशासन के द्वारा अवैध उत्खनन और परिवहन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गये हैं पर वह आदेश केवल कागजों तक ही सिमट के रह जाते है जिस कारण से दिन वि दिन अबेध उत्खनन और भू माफियाराज़ तेजी से स्थानीय प्रशासन पर हावी नज़र आ रहा है।

## शिव मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी प्राचीन शंकर मंदिर में सुबह से ही भक्तों की कतार लगी

**आष्टा।** भगवान शिव की आराधना का महीना सावन चल रहा है सोमवार को सावन का दूसरा सोमवार पर शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी सुबह 5 बजे से शिव मंदिरों में भक्तों की कतार देखने को मिली शिव मंदिरों में हर हर महादेव की गूंज सुनाई दी शंकर मंदिर में 10000 से अधिक भक्तों ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए। बता दे की सावन माह की शुरुआत से ही शिव मंदिरों में पूजा अर्चना का दौर शुरू हो चुका है पूरे सावन महीने में भगवान भोलेनाथ की भक्ति पूजा अर्चना करते हैं लेकिन सोमवार को या संख्या और अधिक बढ़ जाती है सावन के दूसरे सोमवार पर पार्वती नदी किनारे स्थित प्राचीन शंकर मंदिर में सुबह 5 बजे से ही भक्तों की कतार लग गई जो कि दिनभर कतार लगी रही यहां पर भगवान भोलेनाथ के भक्तों ने कतर में लगकर दर्शन किए इस दौरान मंदिर प्रबंधन प्रबंधन समिति ने भी यहां पर व्यापक इंतजाम किए थे पुलिस बल भी तैनात रहा।

# सकल असाटी समाज दमोह के द्वारा भव्य कांवड़ यात्रा लिकाली गई

### जिसका समापन जटाशंकर मंदिर में शिवलिंग की कावड़ चढ़कर किया



**दमोह।** श्रावण माह के शुभ अवसर पर असाटी समाज की तीनों समितियों जिसमें वरिष्ठ समिति, युवा समिति, महिला समिति, संयोजक देवेंद्र असाटी, सहसंयोजक रूपेंद्र गोलू असाटी, रचना प्रमोद असाटी व दमोह क्षेत्र के सभी समाज बंधुओ के सहयोग से भव्य कावड़ यात्रा रविवार सुबह 10 बजे से निकाली गई। इस कावड़ यात्रा को देख सभी प्रफुल्लित हुए।

असाटी समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मालती असाटी, महिला अध्यक्ष नेहा असाटी, शिक्षक महेश असाटी, शैलेंद्र शैलू असाटी, युवा उपाध्यक्ष सृजन असाटी ने बताया यह कावड़ यात्रा विभिन्न मार्गो से होकर निकल रही थी, तभी कावड़ यात्रा को देखने के लिए सड़कों पर लोगों की जगह-जगह भीड़ देखी गई.कावड़ यात्रा का शुभारंभ असाटी वार्ड-1 स्थित संस्कार भवन से किया व श्री राम मंदिर में पंडितों द्वारा कावड़ पूजन करके यात्रा को आगे बढ़ाया गया।

कावड़ यात्रा का शहर के बकौली चौक पर राजू असाटी, कपिल सोनी और पूर्व नपा अध्यक्ष मनु मिश्रा, कैलाश भंडार, हनुमानगढ़ी मंदिर में गुड़िया इंटरप्राइजेज ओमप्रकाश जगदीश और सचिन असाटी, श्री जानकी रमण बूंदाबहु मंदिर, शक्ति फोटोकॉपी पीताम्बर सचिन असाटी, कोतवाली चौराहा पर विनय असाटी, जेल मंदिर में पंडित संजय गौतम,वैश्य समाज पदम इटोरिया, केसी अग्रवाल, जुगल अग्रवाल सत्य प्रकाश असाटी, अनिल अग्रवाल, बेलाताल पर साहिल और उनकी टीम के द्वारा शानदार रूप से फूल की पंखुड़ी और पेयजल से स्वागत सत्कार किया गया। कावड़ यात्रा में समाज की महिलाओं व पुरुषों द्वारा कावड़ लिए हुए शिव मंत्रों का जप करताल ध्वनि में करते हुए कावड़ यात्रा दमोह जटाशंकर धाम पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक किया गया। इसके पश्चात सभी समाज बंधुओ ने प्रसादी ग्रहण की और कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी समाज बंधुओ का पूर्ण सहयोग रहा।

### गुर्जर, गोहपारू मे दिव्या को तहसील का प्रभार

**शहडोल।** जिले मे पांचो तहसीलों के तहसीलदार की नवीन पदस्थापना आदेश कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने शुक्रवार को जारी किया। इसमें ब्यौहारी से तहसीलदार सुमित कुमार गुर्जर को सोहागपुर तहसील का प्रभार सौंपा गया और यहां तहसीलदार रहीं दिव्या सिंह को गोहपारू का प्रभारी तहसीलदार बनाया गया।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम FEHMIDA BI था जो कि अब बदल कर FEHMEEDA QURESHIहो गया अतः अब भविष्य में मुझे FEHMEEDAQURESHI के नाम से जाना एवं पहचाना जाए

पता :-19/1 GAYATRI NAGAR DEVAS

# पीर गली हुई वीर गली - व्यापारी बोले अब आधार, जीएसटी, गुमास्ता में कैसे होंगे बदलाव

**इंदौर।** लोग कहते है अजी नाम मे क्या रखा है लेकिन हम कहते है कि नाम में बहुत कुछ है। आप नाम बदल दो हमें कोई दिक्कत नहीं हमारे व्यापार व्यवसाय में जो दिक्कते आएँगी उसका क्या ? जिस मार्ग का नाम बदला उसका सभी ने स्वागत किया लेकिन उस स्वागत के साथ साथ उस इलाके के रहने वाले सभी व्यापारी से लेकर उस इलाके के रहवासियों को अब दिक्कते आएँगी ।कारण बड़ा छोटा सा निगम ने रातो रात शहर के राजवाड़े के समीप सालो पुरानी पीर गली नाम ही बदल दिए।

लेकिन इंदौर के राजवाड़े से लगे इस पीर गली का मतलब था इस जगह सालो से एक पीर मौलाना की मजार हैं जिस पर सभी धर्म के व्यक्ति माथा टेकते हैं सालो से बनी इस गली में जब भी उत्सव होता था तो सभी इस पर अपनी आस्था के पुष्प अर्पित करते थे लेकीन अचानक निगम ने कुछ दिनों पहले इसका नाम बदल कर वीर गली कर दिया इससे भी कोई दिक्कत नहीं लेकिन आप सोचे सालो पुरानी पीर गली आज वीर गली बन गई




### व्यापारियों क्या कहना है

पीर गली में जब पीपुल्स अपडेट की टीम ने इलाके के रहवासियों और व्यापारियो से चर्चा कि तो उनका कहना था कि सालो पुरानी इस गली में सभी लोग उस पीर बाबा की जमार पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं कोई भी समाज उसे गलत नहीं मानता यह मानते है कि सभी में भगवान विराज मान हैं लेकिन वर्तमान में जिस तरह का माहोल है चाहे उसे किसी भी रूप में देखे ।नाम परिवर्तन से किसी का कोई नुकसान नहीं हैं लेकिन वो धरातल से तकलीफे आएँगी उसका क्या. व्यापारियों के बोर्ड पर जो पते थे उस पर बाकायदा पीर गली का पता लिखा हुआ था। जिससे उनके आने वाले ग्राहक से लेकर उनका आधार । जीएसटी नहीं बल्कि उनका गुमास्ता के लाइसेंस का नम्बर भी उसी पते पर रजिस्टर था। अब दिक्कत इतनी हैं कि रातो रात जो निगम द्वारा इसक नाम बदला है उसके बाद क्या निगम के अधिकारी व्यापारियों की मदद करेंगे या घंटो आधार आवर गुस्मता पर एड्रेस बदलवाने के लिए सभी को घंटो लाइन में खड़ा होना होगा। व्यापारियों का असमन्जस हैं कि अब इसे पीर गली कहे या वीर गली।

### निगम आयुक्त बोले

इस पुरे मामले को लरक जब चर्चा निगम आयुक्त शिवम वर्मा से चर्चा कि गई तो उसका कहना था कि जो भी हुआ हैं वो सम्बन्धित परक्रिया अपनाते हुए किया गया हैं. किसी भी नाम बदलवा का प्रस्ताव जनता और जनप्रतिनिधि के पास से आता हैं जिसके बाद निगम की एमआईसी की बैठक में प्रस्ताव आते है जिससे एमआईसी द्वारा प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया जाता हैं लेकिन यदि किसी व्यापारी व्यवसाई को दिक्कत आ रही अहिं तो वो निगम में सीधे मुझसे मिल सकते हैं।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद शहडोल, जिला शहडोल (न.प्र.)**

Office of the Municipal Council Shahdol, Distt. Shahdol (M.P.)
D.D. Complex, Near Tagore Park Shahdol, Distt. Shahdol -484001
Email: cmoshahdol@mpurban.gov.in, Ph.No. 07652-245175 (O), 241015(F)

क्रमांक/न.पा.श./3259 शहडोल, दिनांक 16.07.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा पंजीकृत फर्म से नीचे दिये गये विवरण अनुसार जेन पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| बिड नम्बर | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | संविदाकार की श्रेणी | कार्य की समयसीमा | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| GEM/ 2025/B/ 6450168 | Hiring of Consultants Milestone/ Deliverable Based DPR 2nd Phase as per Required Demand; DPR 2nd Phase as per Required Demand, No, Hybrid (As specified in scope of work) | 5.00 लाख | टेण्डर की शर्त अनुसार पंजीकृत | 10 दिवस | 24.07.2025 समय 15:00 बजे तक |

1. इच्छुक. ठेकेदार ऑनलाईन निविदा https:/gem.gov.in/ पर देखी जा सकती है।
2. किसी भी प्रकार का एन.आई.टी. से संबंधित शुद्धीपत्र केवल वेबसाईट में प्रसारित किया जावेगा समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा। बाकी निविदा संबंधी समस्त विवरण एवं शर्ते ऑनलाईन एवं निकाय के लोक निर्माण शाखा में देखी जा सकती हैं।

(अक्षत बुन्देला)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद शहडोल जिला शहडोल म.प्र.

# टेक्नोलॉजी से ट्रांसफॉर्मेशन तक, मुख्यमंत्री की दिग्गजों से सीधी बात, रखी औद्योगिक भविष्य की नींव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बार्सिलोना प्रवास के तीसरे दिन वैश्विक स्तर की प्रमुख कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से व्यक्तिगत मुलाकात कर मध्यप्रदेश में निवेश, तकनीकी सहयोग और रोजगार की संभावनाओं पर व्यापक संवाद किया। सेनेटरीवेयर, वस्त्र उद्योग, स्वास्थ्य सेवाएं, डाटा सेंटर, एनीमेशन, ब्रांडिंग और मीडिया नीति जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़ी कंपनियों ने राज्य में निवेश को लेकर उत्सुकता जताई।



मुख्यमंत्री की पहली बैठक स्पेन की प्रमुख सेनेटरीवेयर कंपनी रॉका ग्रुप (ऋश्ष्ड्ड ब्तह्स्श्चह्वश्च) के कॉर्पोरेट ऑपरेशंस डायरेक्टर पाउ अबेलो से हुई। इस दौरान देवास में स्थित कंपनी की इकाई 'रॉका बाथरूम प्रॉडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड' द्वारा किए गए ?164.03 करोड़ के निवेश और 445 स्थानीय लोगों को मिले रोजगार पर मुख्यमंत्री ने संतोष व्यक्त किया। कंपनी ने प्रदेश में अपनी उत्पादन इकाई के विस्तार और विविधीकरण की योजना भी प्रस्तुत की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वस्त्र उद्योग की अग्रणी कंपनी हेलोटेक्स ग्रुप के स्वामी एवं सीईओ जोर्डी बोनारो ट्रियोलार्ट से मुलाकात की। चर्चा के दौरान यह उल्लेख किया गया कि कंपनी पहले से ही इंदौर स्थित 'प्रतिभा सिंटेक्स लिमिटेड' के साथ साझेदारी में कार्यरत है। बैठक में वस्त्र क्षेत्र के विस्तार तथा निवेश प्रक्रिया को अधिक सरल और सुगम बनाने के उपायों पर विचार-विमर्श हुआ। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने अमेक के निदेशक एलेजांद्रो गैलेगो अल्काइडे से भी भेंट की। इस अवसर पर राज्य की वैश्विक ब्रांडिंग, मीडिया विश्लेषण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित संचार रणनीतियों और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मध्यप्रदेश की पहचान को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए पारस्परिक सहयोग की सहमति बनी। एसएसएल-कोटिंग्स (पावर सॉइल) के प्रतिनिधि जीफ विशेप के साथ हुई बैठक में सड़क निर्माण की टिकाऊ तकनीक ÷टेरा-3000÷ के संभावित उपयोग पर चर्चा हुई। यह उन्नत तकनीक विशेष रूप से ग्रामीण सड़कों, नींव निर्माण और कठोर मिट्टी वाले क्षेत्रों में प्रभावी मानी जाती है। इस समाधान से पारंपरिक निर्माण सामग्री की आवश्यकता काफी हद तक समाप्त हो जाती है, जिससे लागत में कमी के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण भी संभव होता है।वहीं, सोगो समूह के सतीश रायसिंघानी के साथ हुई बातचीत में भारत, विशेषकर मध्यप्रदेश में एसओजीओ ब्रांड के उत्पादों के विस्तार की संभावनाओं पर मंथन हुआ। घरेलू उपकरणों और इलेक्ट्रॉनिक्स में सशक्त पहचान रखने वाला यह यूरोपीय ब्रांड भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपने उत्पादों की पहुंच को व्यापक बनाने की दिशा में काम कर रहा है। सर्विटाइज के सीईओ मार्क विंटर के साथ हुई बैठक में औद्योगिक परामर्श, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और ग्राहक अनुभव पर आधारित समाधानों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। यह कंपनी सेवा-आधारित बिजनेस मॉडल के माध्यम से उद्यमों की दक्षता बढ़ाने में दक्ष है और मध्यप्रदेश के एमएसएमई सेक्टर को स्मार्ट और अभिनव मॉडल से जोड़ने की दिशा में रुचि रखती है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की नॉर्सेक ग्लोबल के निवेशकों के साथ भी सकारात्मक और संभावनाओं से भरी चर्चा हुई। इसके अलावा, स्पोर्ट्सफन टीवी एस.एल. के सह-संस्थापक सिद्धार्थ तिवारी से हुई मुलाकात में मध्यप्रदेश में फुटबॉल के समग्र विकास को लेकर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में राज्य में खिलाड़ियों की खोज, प्रशिक्षण शिविरों और खेल अकादमियों की स्थापना के माध्यम से सहयोग की संभावनाएं तलाशने पर सहमति बनी। तिवारी ने जानकारी दी कि उनकी कंपनी पहले से झारखंड सरकार के साथ इसी क्षेत्र में कार्य कर रही है और अब मध्यप्रदेश में भी ऐसी ही पहल को लेकर गंभीरता से प्रयासरत है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवेशकों को संबोधित करते हुए राज्य की निवेश-हितैषी नीतियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में उद्योगों के लिए आवश्यक भूमि, जल, ऊर्जा और मजबूत आधारभूत संरचना सहजता से उपलब्ध है। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश की उत्कृष्ट लॉजिस्टिक कनेक्टिविटी, दक्ष मानव संसाधन, सरल और पारदर्शी प्रशासनिक प्रक्रियाएं, तथा 'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' में हासिल उल्लेखनीय प्रगति को विशेष रूप से रेखांकित किया।

मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि मध्यप्रदेश निवेश के लिए एक सुरक्षित, स्थिर और सक्षम वातावरण प्रदान करता है, जो वैश्विक कंपनियों के साथ दीर्घकालिक भागीदारी के लिए उपयुक्त मंच उपलब्ध कराता है।

# प्रांतीय उपभोक्ता संरक्षण परिषद समिति मध्य प्रदेश के अध्यक्ष बने मुकेश बंसल




**भोपाल।** प्रांतीय उपभोक्ता संरक्षण परिषद समिति मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष का चयन संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव वंशकार एवं कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री एस आर सरवर तथा राष्ट्रीय महासचिव श्री विजय खोइया प्रदेश प्रवकता कन्हैया लाल मोरे के द्वारा किया गया। 19 जुलाई को इंडियन कॉफी हाउस बोर्ड ऑफिस चौराहा भोपाल में प्रातः 12 बजे एक आवश्यक बैठक में मध्य प्रदेश की कमान जुझारू कर्मठ नेता, सामाजिक कामों के लिए समर्पित एवं उपभोक्ता संरक्षण परिषद के राष्ट्रीय महासचिव रहे ,श्री मुकेश बंसल को नियुक्ति पत्र देकर के और मेडल पहना करके सम्मानित किया गया !मीटिंग में उनकी नियुक्ति के साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि मध्य प्रदेश के 54 जिलों में उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण के लिए भ्रष्टाचारी ,कालाबाजारी, मिलावट खोरी ,,अनैतिक व्यापार एवं उपभोक्ताओं के साथ हो रही छलावा, चीटिंग इत्यादि समस्याओं के समाधान के लिए पूरे 54 जिलों में शीघ्र ही जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की जाए। और इस संस्था को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ब्लॉक स्तरीय ,वार्ड स्तरीय और ग्राम स्तरीय समितियां भी बनाई जाए। उपभोक्ता अधिनियम 1986 एवं 1989 तथा खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2012 के प्रावधानों को लागू करते हुए आम उपभोक्ता के साथ न्याय हो, इस प्रकार की व्यवस्था का क्रियान्वयन करने के लिए उपभोक्ता संरक्षण परिषद, सरकार व उपभोक्ता न्यायालय एवं आम जानता के बीच पुल का काम करेगी और आम उपभोक्ताओं को शोषण से मुक्ति दिलाएगी ।

यह काम श्री मुकेश बंसल की प्रदेश स्तरीय टीम के साथ करने के लिए निर्णय लिया गया। इस अवसर पर विनोद गोडसे रवि नागले एड श्रवण कुमार वस्तवार सीहोर,जीतेन्द्र स्नेही जाबाज असाटी निवाड़ी,सलीम खान टीकमगढ़ धर्मवीर पवार सबनम शाह अनिल पटोरिया अचलगढ़ रुपेश घावरी अशोकनगर गुड्डू धानक भोपाल जय बंसल सागर मलखान सिंह सोलंकी राजीव प्रजापति राजेश अहिरवार कंछेदी करोठिया प्रकाश करोठिया इत्यादि लोग उपस्थित थे

## निंजा का इंडी पॉप ट्रैक हीर रिलीज़ , संगीत, भावनाओं और दृश्यात्मक भव्यता का एक भावपूर्ण मिश्रण

**मुंबई, एजेंसी।** प्रसिद्ध पंजाबी गायक निंजा ने अपना बहुप्रतीक्षित इंडी पॉप सिंगल हीर रिलीज़ कर दिया है, और यह सभी सही कारणों से धूम मचा रहा है। भावनात्मक रूप से समृद्ध इस ट्रैक में निंजा और शहनाज़ अख्तर की दमदार आवाज़ें हैं, राजा द्वारा लिखे गए भावपूर्ण बोल और अदन द्वारा रचित दिल को छू लेने वाला संगीत है। शुष्मिता सिंह और माही संधू की उपस्थिति इस प्रोजेक्ट के आकर्षण को और बढ़ा देती है, जिनके अभिनय ने कहानी में एक भावपूर्ण गहराई ला दी है। यह संगीत वीडियो अपनी दृश्यात्मक कहानी के लिए जाना जाता है, जिसे राजस्थान के सबसे प्रतिष्ठित स्थानों में से एक पर फिल्माया गया है, जो गाने के सार को खूबसूरती से पूरक करता है। इस प्रोजेक्ट का रचनात्मक निर्देशन संदीप विर्क ने किया है, जिनकी दृष्टि ने समग्र अनुभव को और भी बेहतर बना दिया है। रिलीज़ पर अपने विचार साझा करते हुए, निंजा ने कहा, ÷मैं सचमुच यह जानने के लिए उत्सुक हूँ कि दर्शक हीर से कैसे जुड़ते हैं। यह गीत केवल धुन के बारे में नहीं है - यह प्रेम, लालसा और मौन त्याग की कहानी है। शहनाज़ अख्तर के जीवंत पॉप स्वरों ने एक नया विरोधाभास पैदा किया जिसने रचना में भावनाओं को खूबसूरती से संतुलित किया। राजस्थान की शाश्वत सुंदरता के बीच शूटिंग ने दृश्यों को एक अलग ही आत्मा प्रदान की। हीर मेरे दिल के बहुत करीब है क्योंकि यह उन भावनाओं को दर्शाती है जिन्हें हम सभी महसूस करते हैं लेकिन अक्सर अनकहा छोड़ देते हैं। मैं उन सभी का आभारी हूँ जिन्होंने इसे इतना सार्थक बनाने में मदद की। अपनी भावपूर्ण धुन और मार्मिक दृश्यों के साथ, हीर केवल एक गीत नहीं बल्कि एक अनुभव है - और यह एक ऐसा अनुभव है जो संगीत के खत्म होने के बाद भी श्रोताओं के साथ लंबे समय तक बना रहेगा।



## लीव बोरिंग बिहाइंड- नई बीएमडब्ल्यू 2 सीरीज़ ग्रैन कूपे भारत में लॉन्च हुई

**मुंबई, एजेंसी।** भारत में आज न्यू बीएमडब्ल्यू2 सीरीज़ ग्रैन कूपे लॉन्च हो गई है। बीएमडब्ल्यू2 ग्रूप प्लांट चेन्नई में स्थानीय रूप से निर्मित सेकंड-जेनरेशन बीएमडब्ल्यू2 2 सीरीज़ ग्रैन कूपे भारत में सिर्फ पेट्रोल पावरट्रेन में उपलब्ध होगी। ग्राहक इसे देशभर के सभी बीएमडब्ल्यू2 डीलरशिप्स पर बुक कर सकते हैं, और इसकी डिलीवरी आज से शुरू हो गई है। बीएमडब्ल्यू2 2 सीरीज़ ग्रैन कूपे ने अपनी बेमिसाल डिज़ाइन और स्पोर्टी ड्राइविंग स्टाइल के दम पर खुद की अलग पहचान बनाई है। यह प्रीमियम कॉम्पैक्ट सेगमेंट में स्टाइल के साथ मजबूती और ग्रैन कूपे सिल्हूट चाहने वाले युवा शहरी ग्राहकों के बीच काफी तेजी से पसंदीदा बन गया है। श्री विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट और सीईओ बीएमडब्ल्यू2 ग्रुप इंडिया ने कहा, न्यू बीएमडब्ल्यू2 2 सीरीज़ ग्रैन कूपे जहां भी जाती है, अपने स्पोर्टी सिल्हूट और बोल्ड डिज़ाइन से सभी का ध्यान खींचती है। इसके एक्सटीरियर और इंटीरियर में दी गई लग्ज़री फिनिश और एटीट्यूड इसे बेहद स्टाइलिश बनाते हैं। यह एक ऐसी कार है जो न सिर्फ अपने ड्राइवर की पर्सनैलिटी को दर्शाती है, बल्कि उसे और निखारती है। नई जनरेश की बीएमडब्ल्यू2 2 सीरीज ग्रैन कूपे शहरी युवा ग्राहकों की पहली पसंद बनने के लिए तैयार है, जो स्टाइल और गुणवत्ता दोनों की तलाश में हैं यह लगातार वही करता आ रहा है जिसमें वह माहिर है- पुरानी सोच को चुनौती देना, उम्मीदों को नया आकार देना और अपने बेजोड़ अंदाज़ से आगे बढ़ना।

## दूसरी छमाही में बाजार के अच्छे रहने की उम्मीद

**मुंबई, एजेंसी।** दुनिया में तनावों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था व शेयर बाजार सहित निवेश साधन ठीक प्रदर्शन कर रहे हैं। दूसरी छमाही में बाजार के अच्छे रहने की उम्मीद है। आप बाजार या फंड में निवेश करते हैं तो यह हफ्ता आपके लिए अहम है, क्योंकि कंपनियां बोनस, लाभांश और शेयरों के विभाजन की घोषणा करेंगी। इस हफ्ते शेयर बाजार में सूचीबद्ध 96 कंपनियों के वित्तीय परिणाम आने हैं। इसमें से कई कंपनियां शेयरों के विभाजन, बोनस जारी करने और लाभांश देने पर विचार कर सकती हैं। एक निवेशक के लिए इन पर नजर रखना जरूरी है। ऐसा इसलिए, क्योंकि परिणाम बेहतर रहे तो उनके शेयरों में उछाल दिखेगा। अच्छा मुनाफा कमाने वाली कंपनियां लाभांश भी देंगी। जिनके महंगे शेयर हैं, वे निवेशकों को आकर्षित करने के लिए बोनस शेयर देंगी। बोनस शेयर का मतलब कि जैसे किसी कंपनी ने एक पर एक शेयर बोनस दिया तो आपके शेयरों की संख्या बढ़ जाएगी और शेयरों की कीमत आधी हो जाएगी, पर निवेश का मूल्य उतना ही रहेगा। इसका फायदा यह है कि जब कंपनी लाभांश देगी तो आपको दोगुना लाभांश मिलेगा, क्योंकि शेयर की संख्या दोगुना हो गई।

# केंद्रीय राज्यमंत्री क्षेत्रीय सांसद सावित्री ठाकुर ने जिले के सभी मंडल अध्यक्षों से संवाद कर आगामी कार्य योजना पर चर्चा की

**धार।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद श्रीमती सावित्री ठाकुर ने शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय पर जिले के संगठनात्मक संयुक्त जिले के भाजपा मंडल अध्यक्षों से आगामी संगठनात्मक कार्य योजना को लेकर संवाद कार्यक्रम के तहत सभी से चर्चा की। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती और धार ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार मौजूद रहे।

केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने मंडल अध्यक्षों से चर्चा करते हुए बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि केंद्र सरकार और प्रदेश में डॉ मोहन यादव कि राज्य सरकार में अनेको जनहितेषी योजना संचालित हो रही है जिसका सभी मंडल अध्यक्ष सहित मंडल पदाधिकारी योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें। आप सभी मंडल अध्यक्षों से मैं यह कहना चाहती हूं कि हर मंडल क्षेत्र में मूलभूत कार्यों की आवश्यकता है तो इसकी रूपरेखा बनाकर हमें दे। मंडल क्षेत्र में जहां पर भी लोकार्पण और भूमि पूजन कार्यक्रम हो वहां भाजपा नेता एवं जनप्रतिनिधि अवश्य पहुंचे। भाजपा से श्रेष्ठ वर्तमान में कोई ऐसा संगठन नहीं है। इस पर हम सब को गर्व होना चाहिए। संवाद कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती और चंचल पाटीदार ने भी संबोधित किया।

बैठक में माह के अंतिम रविवार को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम और एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने की अपील भी की। संवाद कार्यक्रम के अंत में सभी मंडल अध्यक्षों ने क्षेत्र की समस्या एवं सुझाव पर अपनी बात को केंद्रीय राज्यमंत्री क्षेत्रीय सांसद सावित्री ठाकुर के समक्ष रखा। संचालन कार्यालय मंत्री जगदीश जाट ने किया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

## रोटरी क्लब ऑफ भोपाल शाहपुरा का अधिष्ठापन समारोह



**भोपाल।** रोटरी क्लब ऑफ भोपाल शाहपुरा का अधिष्ठापन समारोह होटल विशिष्ट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर रोटे संस्कार कोठारी डी जी ई मंडल 3040 के रोटे मुकेश साहू, भी मंडलाध्यक्ष मनोनीत विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए । रोटे रश्मि टोंग्या निवर्तमान अध्यक्ष ने गत रोटरी वर्ष 24-25 में की गई रोटरी गतिविधियों और उपलब्धियों से सबको अवगत कराया।

लखन पाटीदार नव निर्वाचित अध्यक्ष 25-26 ने अपने संबोधन में रोटरी वर्ष के लिये अपना विजन और मिशन शेयर किया । रोटे लखन पाटीदार अध्यक्ष और रोटे जगजीत सिंह मक्कड़ , सचिव महोदय के साथ क्लब के ÷बोर्ड ऑफ डायरेक्टर क्लब निदेशक एवं क्लब कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया है। रोटे मुकेश साहू, मंडलाध्यक्ष मनोनीत अधिष्ठापन अधिकारी एवं शपथ ग्रहण अधिकारी ने नवगठीत टीम को रोटरी संकल्प के साथ शपथ दिलाई । रोटे संस्कार कोठारी डी जी ई मंडलाध्यक्ष 3040 एवं मुख्य अतिथि महोदय ने रोटरी की महत्वपूर्ण जानकारी शेयर की। उन्होंने कहा कि हम साथ मिलकर उड़ते हैं, हम साथ मिलकर सेवा करते है इस ÷थीम ÷ पर टीम के सदस्य के रूप में एक साथ मिलकर मानवता की सेवा के प्रति उत्साह, समर्पण और सेवा भावना से आगे बढ़ना होगा । नये सदस्यों को सम्मानित किया और रोटरी की सदस्यता दिलाई गई। तत्पश्चात् राष्ट्रीय गान गाकर कार्यक्रम को समाप्त घोषित किया गया । कार्यक्रम में सदस्यों की विशाल उपस्थिति ने क्लब की गरिमा को गौरवान्वित किया है । इस अवसर पर पूर्व मंडलाअध्यक्ष आलोक बिल्लौरे धीरन दत्ता कर्नल महेंद्र मिश्रा जिनेंद्र जैन मंडल पदाधिकारी एवम भोपाल के अन्य रोटरी क्लब के अध्यक्ष सचिव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रोटे ऋतु राज परमार ने किया ।

# अब सुपर स्वच्छ लीग में शामिल रहेगा भोपाल

**इंदौर-सूरत से होगा मुकाबला; इस बार अपनी कैटेगिरी में दूसरे नंबर है भोपाल**



**भोपाल।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों की कैटेगरी में भोपाल दूसरे नंबर पर रहा है। वहीं, देश की सबसे स्वच्छ राजधानी और 7 स्टार रैंकिंग भी मिली है। अब अगले सर्वेक्षण में भोपाल सुपर स्वच्छ लीग में शामिल होगा और उसका मुकाबला इंदौर, सूरत, नवी मुंबई, विजयवाड़ा, अहमदाबाद जैसे शहरों से होगा। बता दें कि स्वच्छ सर्वेक्षण के नतीजे 17 जुलाई को घोषित हुए थे। 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों की सुपर स्वच्छ लीग सिटी कैटेगरी में इंदौर एक बार फिर नंबर वन बना। वहीं, सबसे साफ शहरों में भोपाल दूसरे नंबर पर रहा है। भोपाल को 12,500 में से 12067 अंक मिले हैं। इसी कैटेगरी में अहमदाबाद पहले नंबर पर रहा, जो भोपाल से सिर्फ 12 अंक ही ज्यादा लाया है। हालांकि, सेग्रीगेशन में भोपाल के 5त्न नंबर कटे, जबकि रेमिडेशन में 0 अंक मिले। यदि ये अंक मिल जाते तो अहमदाबाद को पछाड़ सकते थे। ऐसे में अब निगम ने इन्हीं पैमानों पर काम करना शुरू कर दिया है। अफसरों की बैठकें भी हो चुकी हैं।

**इंदौर से ऐसे आगे हो सकता है भोपाल-** इंदौर में हर घर से 6 तरह से कचरा अलग-अलग किया जा रहा है। गीला, सूखा, प्लास्टिक, बाथरूम का कचरा, हानिकारक चीजें और पुराने इलेक्ट्रॉनिक सामान। भोपाल में सिर्फ 20 से 30त्न ही कचरा सही से अलग हो पाता है। इंदौर में रोज 1192 टन कचरा निकलता है, जबकि भोपाल में 800 टन। वहां की आबादी करीब 35 लाख है, भोपाल की 25 लाख। इंदौर कचरे के निपटारे में आगे है। इंदौर ने कचरे की खंती (देवगुराड़िया) को हटा दिया। नई जगह कचरा डंप नहीं होने दिया। भोपाल में पहले भानपुर में कचरा डाला जाता था, अब आदमपुर में पहाड़ बन रहा है।

# सोना खरीदने की प्लानिंग है क्या? ये है आज के ताजा भाव

**मुंबई, एजेंसी।** आज सावन के दूसरे सोमवार को सोने या चांदी खरीदने के लिए बाजार जाने का प्लान बना रहे है तो पहले ताजा भाव जान लीजिए। आज सोमवार को सोने के दाम में 110 प्रति 10 ग्राम का उछाल आया है लेकिन चांदी के रेट के कोई बड़ा परिवर्तन नहीं हुआ है। नई कीमतों के बाद सोने के भाव 1 लाख पार और चांदी के दाम 1.16 लाख पर ट्रेंड कर रहे है। आज सोमवार को सराफा बाजार की ओर जारी सोने और



चांदी के अनुसार आज 21 जुलाई 2025 को 22 कैरेट सोने के दाम 91,950 , 24 कैरेट का भाव 1,00,300 और 18 ग्राम सोने का रेट 75,240 रुपए पर ट्रेंड कर रहे है। वहीं 1 किलो चांदी का रेट 1, 16,000 हजार रुपए चल रहा है।

**18 कैरेट सोने का आज का भाव:** दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 75 240/- रुपये। कोलकाता और मुंबई सराफा बाजार में 75, 110/- रुपये। इंदौर और भोपाल में सोने का भाव 75, 150 चल रहा है। चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 75, 600/- रुपये पर ट्रेड कर रही है।

**22 कैरेट सोने का आज का भाव:** भोपाल और इंदौर में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 91, 850/- रुपये । जयपुर, लखनऊ, दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 91,950/- रुपये । हैदराबाद, केरल, कोलकाता, मुंबई सराफा बाजार में 91,800/- रुपये ट्रेंड कर रहा है।

## भारत-कुवैत के बीच हवाई सेवाओं को बेहतर करने से जुड़ा समझौता, सीट क्षमता में होगी 50 प्रतिशत वृद्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कुवैत और भारत ने एक नए हवाई सेवा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच साप्ताहिक हवाई क्षमता को 50 प्रतिशत तक बढ़ाना है। गल्फ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इस साझेदारी के तहत अब दोनों देशों की एयरलाइन कंपनियों को प्रत्येक दिशा मे प्रति सप्ताह 18,000 सीटें बढ़ाने की अनुमति मिलेगी। यह पहले 12,000 सीटों तक सीमित थी। कुवैत समाचार एजेंसी के अनुसार कुवेत के नागिरक उड्डयन महानिदेशालय के अध्यक्ष शेख हमूद मुबारक अब सबाह और भारत के नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा ने हवाई यात्रा पर एमओयू पर हस्ताक्षर किए। 2006 के बाद पहली बार, यह समझौता द्विपक्षीय हवाई सेवा अधिकारों के विस्तार का प्रतीक है। वर्ष 2006 में आखिरी बार हवाई सेवा क्षमता को बढ़ाकर 8320 सीटें की गई थी।

### हवाई परिवहन बाजार को विस्तार मिलेगा

कुवैती शाही परिवार के सदस्य शेख हमूद अल सबाह ने कहा कि यह बहुप्रतीक्षित समझौता नागरिक उड्डयन क्षेत्र में दोनों देशों के बीच समन्वय और रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के लिए चल रहे प्रयासों के हिस्से के रूप में आया है। उन्होंने आगे कहा कि यह दोनों देशों के लिए हवाई परिवहन बाजार को समर्थन और विस्तार देगा। इसका ध्यान यात्रियों की अपेक्षाओं को पूरा करने और विमानन उद्योग की उभरती गतिशीलता के साथ तालमेल बिठाने पर होगा।

# इज़रायल दौरे से वापस लौटी महापौर मीनल चौबे, कहा- अविस्मरणीय और जीवन बदलने वाला अनुभव

**रायपुर।** रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे ने हाल ही में इज़रायल की अपनी यात्रा को एक अविस्मरणीय और जीवन बदलने वाला अनुभव बताया है। इस यात्रा ने उन्हें न केवल तकनीकी नवाचारों और सांस्कृतिक समृद्धि से परिचित कराया, बल्कि युद्धग्रस्त क्षेत्र में मानवीय लचीलापन और सामुदायिक भावना को भी करीब से देखने का अवसर प्रदान किया। महापौर ने इस यात्रा के लिए भारत सरकार, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और रायपुर की जनता का आभार व्यक्त किया।

महापौर मीनल चौबे ने बताया कि इज़रायल की यात्रा एक साहसिक निर्णय था, खासकर वर्तमान युद्ध के माहौल में। उन्होंने इज़रायल के म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन और मुनि एक्सपो में प्रदर्शित अत्याधुनिक तकनीकों को देखकर तकनीकी उन्नति के नए आयामों को समझा। इज़रायल के प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री, अमेरिकी राजदूत और स्थानीय सरकार के प्रतिनिधियों के संबोधन ने आपातकालीन प्रबंधन और सामुदायिक विकास में उनके प्रयासों को रेखांकित किया। यह देखकर प्रभावित हुईं कि कैसे युद्ध के बीच भी इज़रायल नागरिकों के जीवन को सामान्य बनाए रखने का प्रयास कर रहा है। यात्रा के दौरान जेरूसलम के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण और होलोकॉस्ट म्यूजियम का दौरा उनके लिए भावनात्मक रूप से गहरा अनुभव रहा। 7 अक्टूबर 2023 के आतंकी हमले के पीड़ितों से मुलाकात और



उनके संघर्षों को सुनकर उन्होंने मानवीय संवेदनशीलता को और गहराई से महसूस किया। डेड सी का अनुभव इस यात्रा में शांति का एक पल प्रदान करने वाला रहा। इज़रायल में रहने वाले भारतीय समुदाय से बातचीत ने उन्हें वहां की चुनौतियों और अवसरों को समझने में मदद की। महापौर ने इस यात्रा को सुगम बनाने के लिए भारत सरकार, विदेश मंत्रालय, इज़रायल में भारतीय दूतावास, राजदूत जे.पी. सिंह, प्रशिक्षु आईएफएस मोहित और आराधिका, साथ ही यात्रा कोऑर्डिनेटर सारा लिओस्की और इज़रायल दूतावास की सराहना की। उन्होंने इस अवसर के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव का विशेष आभार व्यक्त किया।

श्रीमती चौबे ने कहा, यह यात्रा केवल एक दौरा नहीं थी, बल्कि ज्ञान और अनुभव का एक भंडार थी, जो मेरे साथ जीवन भर रहेगा। रायपुर की जनता के विश्वास ने मुझे छत्तीसगढ़ और भारतीयता का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्रदान किया। उन्होंने घोषणा की कि वे सोमवार 21 जुलाई से पुनः जनता की सेवा के लिए उपलब्ध रहेंगी और इस यात्रा से प्राप्त अनुभवों को रायपुर के विकास में लागू करने का प्रयास करेंगी।

## नवांकुर सखियों ने निकाली हरियाली यात्रा



छिंदवाड़ा। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार एवं जिला समन्वयक अखिलेश जैन वि.खंड समन्वयक संजय बामने के मार्गदर्शन में हरियाली अमावस्या के उपलक्ष में परिषद की नवांकुर संस्था ऊषा समाज कल्याण एवं महिला वाल विकास समिति द्वारा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के अंतर्गत सेक्टर चार पांडू पिपरिया में कलशयात्रा दुर्गा मंदिर से आरम्भ होकर पूरे क्षेत्र में चल समारोह के रूप में कार्यक्रम स्थल पांडू पिपरिया ग्राम पंचायत में पहुंची वहां पहुंचकर सभी ने मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सभी उपस्थित जन प्रतिनिधियों को सम्मान स्वरूप पौधा वितरित किया गया ग्राम पंचायत की सरपंच महोदया जूली भारती जनपद सदस्य शकुंतला मर्सकोले उप सरपंच कौशल साहू भारतीय जनता पार्टी मंडल महामंत्री दुर्गेश सलामे ग्राम पंचायत सचिव सीपतलाल पंद्राम, सुभाष मिनोटे, संदीप पंद्राम, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष गोपाल परतेती सचिव नितेश आशा कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता समस्त पंच एवं ग्रामीणों की उपस्थिति के साथ मात्र शक्तियां उपस्थित हुई कार्यक्रम का संचालन उषा समाज कल्याण महिला एवं बाल विकास समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र वासनिक द्वारा किया गया आभार नितेश धुर्वे द्वारा किया गया।

## जिला माली समाज विकास परिषद की बैठक संपन्न

छिन्दवाड़ा। जिला माली समाज विकास परिषद छिन्दवाड़ा की दिन रविवार को कार्यालय भवन में नई कार्यकारिणी गठन के पश्चात् संयोजक भाऊराव चरपे एवं अध्यक्ष देवानंद निकाजू की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया तथा पद सहित कार्य का आवंटन किया गया। निर्वतमान अध्यक्ष भाऊराव चरपे द्वारा नये अध्यक्ष देवानंद निकाजू को अध्यक्ष पद का कार्यभार विधिवत रूप से सौंपा गया एवं समाज हित में अनेक निर्णय लिये गये। सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## हरियाली तीज कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव



छिंदवाड़ा। पातालेश्वर मंदिर में महिला मंडल द्वारा हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव साथियों के साथ शामिल हुए। आयोजनकर्ता महिलाओं ने बताया कि हरियाली तीज महोत्सव के इस आयोजन में जिले भर की महिलाओं शामिल हुई हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने हरियाली तीज महोत्सव में शामिल होकर सर्वप्रथम भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर पौधरोपण किया। हरियाली तीज महोत्सव में पहुंची महिलाओं का भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ जिला महामंत्री श्रीमती कांता ठाकुर, पूर्व महापौर श्रीमती कांता सदारंग, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय पांडे, दिवाकर सदारंग गुरजीत सिंह शंटी बेदी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, सभापति प्रमोद शर्मा, पार्षद श्रीमती शिवानी बंटी सक्सेना, श्रीमती विजया यादव, श्रीमती कामिनी शाह, श्रद्धा जैन, पारूल पांडे, श्रीमती अनिता शर्मा, श्रीमती रानी सूर्यवशी, हेमा क्षेत्री, श्रीमती प्रीति बिसेन, अलकेश साव, मनोज चौरे, मनोज मंडराह, दिन्शु यादव, विजेन्द्र चौहान, जुगल यादव, मनीष ताम्रकार, सूरज पटेल शामिल हुए।

## दो स्थानों से अवैध शराब बरामद

अमरवाड़ा। थाना अंतर्गत किशन टोला से लगातार शिकायत मिल रही थी गांव में कच्ची महुआ देसी की शराब बनाई भी जाती है और बेची भी जाती है शिकायत पर सहायक उप निरीक्षक धर्मराज वाघमारे ने संपत गोस्वामी के पास से 6 लीटर कच्ची महुआ की शराब बरामद किया वहीं ग्राम पटनिया में पार्वती नामक महिला के पास से 10 लीटर कच्ची महुआ की अवैध शराब सहायक राजकुमार सनोदिया मैं जप्त कर आबकारी अधिनियम 34 (1) मैं प्रकरण पंजीबद्ध किया

# जिले को मिली 4100 मीट्रिक टन खाद

### सहकारी समीतियों एवं निजी विक्रेताओं के माध्यम होगी वितरित



छिन्दवाड़ा। जिले में खरीफ सीजन के मद्देनजर किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु प्रशासनिक स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बीते दो दिनों में इफको एवं आईपीएल कंपनियों की दो रेक जिले में पहुंची हैं, जिनसे कुल 4100 मीट्रिक टन यूरिया छिंदवाड़ा को प्राप्त हुआ है। यह खाद मार्कफेड के गोदामों, प्राथमिक सहकारी समितियों एवं चिन्हित निजी विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को वितरित की जा रही है। जिलेभर में यूरिया का वितरण तेज़ गति से प्रारंभ किया जाएगा। साथ ही ब्रह्मपुत्र एवं चंबल कंपनियों की दो अन्य रेकें भी छिंदवाड़ा पहुंच चुकी हैं, जिनसे अगले एक-दो दिनों में अतिरिक्त 3000 मीट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति और होगी।

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह स्वयं प्रतिदिन यूरिया की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों, कृषि विभाग, मार्कफेड एवं सहकारिता विभाग को निर्देश दिए हैं कि यूरिया का वितरण पूर्णतः सुव्यवस्थित, पारदर्शी और नियमानुसार सुनिश्चित किया जाए, जिससे हर किसान को समय पर आवश्यक खाद प्राप्त हो सके। निजी विक्रेताओं के माध्यम से यूरिया का वितरण अब कृषि विभाग के अधिकारियों की निगरानी में ही होगा। यह व्यवस्था पारदर्शिता बनाए रखने एवं अनियमितताओं को रोकने के उद्देश्य से की गई है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि कोई विक्रेता शासन द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर यूरिया बेचते हुए अथवा टैगिंग (अन्य वस्तुओं के साथ जबरन बिक्री) जैसे कार्य में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसी के साथ प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे केवल अपनी तात्कालिक आवश्यकता के अनुसार ही यूरिया लें और अनावश्यक भंडारण से बचें, ताकि सभी कृषकों को समय पर खाद प्राप्त हो सके। जिला प्रशासन द्वारा यह भी बताया गया है कि यूरिया आपूर्ति के लिए लगातार रेक मंगाने की योजना बनाई गई है, जिससे जिले में किसी प्रकार की खाद की कमी नहीं हो और कृषकगण निर्बाध रूप से अपनी कृषि कार्य कर सकें।

## प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान पूर्ण नहीं करने वाले हितग्राहियों से राशि वसूली जाएगी

छिंदवाड़ा। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नगर परिषद हर्रई में वर्तमान तक 1348 पात्र हितग्राहियों द्वारा 2.50 लाख की राशि प्राप्त कर अपना आवास का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है किन्तु निकाय क्षेत्र के अंतर्गत 127 ऐसे हितग्राही है जिनके द्वारा क्रमसः 2 लाख रु. की राशि योजना के अंतर्गत विगत दो/तीन वर्ष पूर्व प्राप्त की जा चुकी है किन्तु निर्धारित समय तक मकान का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। 49 हितग्राही ऐसे है जिनके द्वारा प्रथम किस्त की राशि 01 लाख रु. विगत लम्बे समय से प्राप्त हो जाने के उपरांत भी आज दिनांक तक आवास निर्माण का कार्य प्रारभ नहीं किया गया था। जबकि शासन के निर्धारित समय वर्ष 2022 को प्रधान मंत्री आवास योजना का प्रथम चरण समाप्त किया जा चुका है। शीलेन्द्र सिंह कलेक्टर छिंदवाडा द्वारा भी प्रति माह नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक आहूत की जाकर अपूर्ण/अप्रारम्भ आवासों की गहन समीक्षा कर सम्बंधित अधिकारीयों को निर्देश दिए जा रहे है। हितग्राहियों को तत्काल अपूर्ण आवास पूर्ण किये जाने एवं अप्रारम्भ आवास वाले हितग्राहियों को भुगतान की गयी राशि सरेंडर किये जाने हेतु मुख्य नगर पालिका आधिकारी अनिल कुमार देवार द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं तहसीलदार हर्रई के माध्यम से क्रमसः 02 नोटिस जारी किये गये है। तत्सम्बंध में तृतीय अंतिम नोटिस जारी किये जाने की कार्यवाही प्रचलित है इसके उपरांत भी हितग्राहियों के द्वारा योजना अंतर्गत प्राप्त राशि निकाय को सरेंडर नहीं की जाती है तो मुख्य नगर पालिका अधिकारी हर्रई द्वारा नियमानुसार तहसीलदार हर्रई के माध्यम से इन हितग्राहियों के कुर्की वारंट जारी किये जायेंगे।

## नागद्वारी मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ी

### श्रद्धालुओं में उत्साह बुजुर्ग, बच्चे भी कर रहे कठिन यात्रा



छिंदवाड़ा। नागद्वारी मेले की शुरूआत होते ही श्रद्धालुओं का यहां पूजा अर्चना के लिए पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। हर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ रही है पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बन गया है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में यात्रा को लेकर उत्साह नजर आ रहा है। इस यात्रा को कठिन माना जाता है। लेकिन आस्था के आगे थकान और दूरी मायने नहीं रख रही है। पुलिस अधीक्षक अजय पांडे खुद इस मेले को लेकर गंभीर हैं और वे हर स्तर पर निगरानी कर रहे हैं। अधिकारियों को साफ निर्देश है कि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो और यात्रा पूरी तरह सुरक्षित रहे। जुन्नारदेव के एसडीओ जितेन्द्र जाट पुलिस बल के साथ मेला क्षेत्र में जाने वाले रास्तों पर पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दमुआ के नायब तहसीलदार, यातायात थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। प्रशासन की टीम ने कट्टा नदी का पुलिस, अंधा मोड़ और संवेदनशील स्थानों पर ब्रेकर, बैरिकेटिंग और ट्राफिक व्यवस्था की जांच की। वहीं यात्रियों को लाने ले जाने वाले वाहनों की चेकिंग लगातार जारी है। एसडीओपी ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलोने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जांच के लिए पुलिस टीम के पास मशीनें भी मौजूद है।

### ओवरलोडिंग की मिल रही शिकायतें

ओवरलोड वाहनों को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही हैं। जिस पर पुलिस ने निगरानी तेज कर दी है। ओवरलोड से दुर्घटनाओं को रोकने पुलिस जांच में जुट गई है। किसी तरह की लापरवाही पर जुर्माने और कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## राकेशानंद महाराज के सानिध्य में अखंड रामायण पाठ

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा से 7 किलोमीटर दूर शिवपुरी रोड में स्थित श्री केदारनाथ धाम आश्रम में पूजन के साथ अखंड रामायण प्रारंभ हुई जिसमें सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण जनों ने भाग लिया इससे पूर्व आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव भी धूमधाम से मनाया गया जिसमें गुरु पूजन एवं विशाल भंडारे के साथ गुरु पूर्णिमा महोत्सव का समापन किया गया आज पूज्य गुरुदेव राष्ट्रीय कथा वाचक श्री श्री राकेशानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में भक्तों के बीच अखंड रामायण का प्रारंभ किया गया यह अखंड रामायण एकादशी सोमवार तक चलेगी आज भगवान भोलेनाथ का महा रुद्राभिषेक किया जाएगा आयोजन में श्री केदारनाथ धाम चरण सेवक अखिलेश मिश्रा एवं अन्य ग्रामीण जनों द्वारा पूजा अर्चना की गई बता दें कि भगवान भोलेनाथ के साथ आश्रम में विशाल हनुमंत लाल जी महाराज की प्रतिमा विराजमान है जो आकर्षण का केंद्र है आते-जाते लोग प्रतिमा को निहारने दर्शन करने एवं फोटो खिंचवाने आते हैं धीरे-धीरे यहां वृद्ध आश्रम निशुल्क संस्कृत विद्यालय एवं गौशाला बनाने की योजना हैसमिति के मीडिया प्रभारी अखिल सूर्यवंशी ने बताया की यहां हनुमंत लाल जी महाराज एवं भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में की गई थी जहां मारुति महायज्ञ प्राण प्रतिष्ठा एवं भागवत पुराण महोत्सव किया गया था पूज्य गुरुदेव राष्ट्रीय कथा वाचक श्री श्री राकेशानंद महाराज श्री राधा सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं एवं राष्ट्रीय संघ सुरक्षा परिषद के भी महाराज श्री अध्यक्ष महाराज श्री के कथाओं के आयोजन भारत के हर बड़े शहरों में आए दिन होते रहते हैं



## पंचतत्व में विलीन हुए उद्योगपति नरेश झालानी, सुपुत्र देवराज ने दी मुखाग्नि

रतलरम। स्वर्गीय शिव कुमार झालानी (पूर्व विधायक) के सुपुत्र, स्वर्गीय चेतन झालानी व निलेश, जयेश, दिवेश, रोहित व दिविक के अग्रज, देवराज के पिता नरेश झालानी का निधन 19 जुलाई 25 शनिवार को इंदौर में हो जाने के बाद जिनकी अंतिमयात्रा रविवार 20 जुलाई 2025 को प्रातः 10 बजे गौशाला रोड़ स्थित निजनिवास श्री राम भवन से निकलकर त्रिवेणी मुक्तिधाम पहुंची जहां नरेश झालानी के सुपुत्र देवराज ने पिता को मुखाग्नि दी।



नरेश झालानी को केबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप, पारस सकलेचा, समाजसेवी डॉ खंडेलवाल, मनोहर पोरवाल, संदीप व्यास ने स्वर्गीय नरेश झालानी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। डॉ निलेश वाधवानी, सुशील अजमेरा, रंगलाल चोरड़िया, पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त डॉ लीला जोशी, दिनेश सियाल, सुनील भट्ट, गोविन्द काकानी, महेन्द्र कटारिया, एडवोकेट सतीश पुरोहित, डॉ बीएल तापड़िया, नवनीत सोनी, रमेश सोनी पत्रकार, गजाधर सोनी, डॉ राजेन्द्र शर्मा, नितिन फलोदिया, शंकरलाल मालवीय मौजूद थे। इसके साथ ही अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या शहर सहित अन्य शहरों से लोग पहुंचे थे, जिसमें मुख्य रूप से खंडेलवाल समाज, सनातन धर्म सभा, हनुमान बाग समिति, सराफा एसोसिएशन सदस्य, श्रीमद्भागवत गीता पर्व सप्ताह न्यास पदाधिकारी, वेश्य महासभा, डॉक्टर, एडवोकेट, शिक्षक तथा विभिन्न संस्थाओं के सदस्य सहित अन्य समाज के प्रमुख शामिल हुए!

## जिला स्तरीय पत्रकार मिलन समारोह में लोकतंत्र के चारों स्तंभ एक साथ मंच पर




दैनिक सांध्य प्रकाश गंजबासौदा। रविवार को स्थानीय दादूजी प्लाजा के बैंकेट हॉल में असेंबली ऑफ़ एमपी जर्नलिस्टस यूनियन का जिला स्तरीय पत्रकार मिलन समारोह संपन्न हुआ। जिसमें जिले की विभिन्न तहसीलों से पधारे पत्रकारों एवं पत्रकारिता से जुड़े हुए लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि माननीय प्रथम जिला न्यायाधीश एवं गंजबासौदा न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश व विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष माननीय अनुराग द्विवेदी जी एवं सिविल जज रावेंद्र सोनी जी, मुख्य अतिथि यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार राधावल्लभ शारदा मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी, विशिष्ट अतिथि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विजय राय, विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी, पूर्व विधायक लीना जैन (भाजपा) की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आमंत्रित अतिथियों द्वारा माता सरस्वती एवं विश्व के प्रथम संवाददाता ब्रह्म ऋषि नारद मुनि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात आमंत्रित अतिथियों का स्वागत व सम्मान स्थानीय यूनियन के सदस्यों द्वारा पुष्पहारों एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं प्रस्तावना से यूनियन के सचिव माधव शर्मा ने सभी को अवगत कराया। इसके पश्चात मुख्य अतिथियों ने उपस्थित जिले भर के पत्रकारों को संबोधित किया।

**पत्रकारों को दी विधिक संबंधी जानकारी**: न्यायालय के न्यायाधीश एवं विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष माननीय अनुराग द्विवेदी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए संविधान द्वारा प्रदत्त उनके अधिकारों से अवगत कराया। इसके साथ ही निष्पक्ष एवं ईमानदार रहते हुए पत्रकारिता करने की बात कही। माननीय न्यायाधीश ने सकारात्मक पत्रकारिता पर जोर देते हुए अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार का समाज हित में उपयोग करने की बात कही। इस अवसर पर माननीय न्यायाधीश ने संक्षिप्त रूप से आयोजित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में पत्रकारों के कई सवालों के जवाब दिए। उन्होंने किन-किन परिस्थितियों में और कहां-कहां पर वीडियो रिकॉर्डिंग कॉल रिकॉर्डिंग की जानी चाहिए इसे विस्तार से बताया।

## उपभोक्ताओं की स्वेच्छा के विरुद्ध थोपे जा रहे स्मार्ट मीटर: तिवारी

### जबरन वसूली, मनमाने बिल कंपनियों की के खिलाफ बोले तिवारी यह स्मार्ट सुविधा नहीं स्मार्ट लूट है



मंडला। जिला कांग्रेस कमेटी मंडला के अध्यक्ष एड. राकेश तिवारी ने मंडला में स्मार्ट मीटरों के कारण बिजली बिलों में असामान्य वृद्धि और उपभोक्ताओं पर जबरन मीटर लगाने की शिकायतों पर गहरा रोष व्यक्त किया है।

उन्होंने इसे आम जनता के लिए आर्थिक अन्याय करार देते हुए मध्य प्रदेश सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ता की स्वेच्छा पर निर्भर है, लेकिन इसके बावजूद बिजली कंपनियां दबाव बनाकर और जबरन स्मार्ट मीटर लगा रही हैं।पहले जहाँ बिल 300 से 600 के बीच आते थे,अब स्मार्ट मीटर लगने के बाद लोग 6,000 से 20,000 तक के बिल देखकर परेशान हैं। यह स्मार्ट लूट का जरिया बन गया है।

स्मार्ट मीटर में ब्लास्ट या आग लगने की घटनाएँ भारत के कई शहरों से स्मार्ट मीटरों में आग लगने या उनके फटने की खबरें सामने आई हैं।ये घटनाएँ उपभोक्ताओं के बीच डर और चिंता का कारण बन गई हैं,खासकर जब उनके बिलों में भी भारी वृद्धि हो रही हो।हाल ही में,भोपाल के कोलार क्षेत्र में एक नए लगे स्मार्ट मीटर में ब्लास्ट होने की घटना सामने आई है। इस घटना से स्थानीय निवासियों में दहशत फैल गई। जबलपुर के एक सुपर मार्केट की इमारत में लगे कई स्मार्ट मीटरों में अचानक आग लग गई और वे पटाखों की तरह जलने लगे।लोगों का कहना था कि कुछ दिन पहले ही पुराने मीटरों की जगह नए स्मार्ट मीटर लगाए गए थे।

**निवास विधायक श्री बरकड़े ने सरकार और बिजली वितरण कंपनियों पर निशाना साधा** ÷स्मार्ट मीटर का उद्देश्य उपभोक्ता सुविधा और पारदर्शिता था, लेकिन सरकार की नाकामी और बिजली कंपनियों की मनमानी ने इसे जनता के लिए बोझ बना दिया है। मध्य प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनियों के नाम और उनकी कार्यप्रणाली को सार्वजनिक करना जरूरी है ताकि जनता को सच पता चले।मध्य प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने वाली प्रमुख कंपनियां मध्य प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, और पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के तहत हो रहा है।ये डिस्कॉम्स निजी कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं।

सिक्योर मीटर्स लिमिटेड~ भारत में स्मार्ट मीटर निर्माण और आपूर्ति में अग्रणी।जेनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड~ स्मार्ट मीटर निर्माण और स्थापना में प्रमुख भूमिका।साइकननोड लार्सन एंड टुब्रो के साथ मिलकर पश्चिम क्षेत्र में आधारित स्मार्ट मीटर नेटवर्क स्थापित कर रही है। इसके अतिरिक्त, विदेशी कंपनियां जैसे श्ष्ठस्न (फ्रांस) और (यूके) भी भारत में स्मार्ट मीटर इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश और तकनीकी सहयोग प्रदान कर रही हैं। कुछ तकनीकी घटक जर्मनी, संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन से आयात किए जा रहे हैं।

**एड राकेश तिवारी ने की मांगें**: स्मार्ट मीटर स्थापना में उपभोक्ता की सहमति को अनिवार्य किया जाए और जबरन स्थापना पर तत्काल रोक लगाई जाए।स्मार्ट मीटरों की रीडिंग,तकनीकी खामियों और बिलिंग प्रक्रिया की स्वतंत्र और उच्च-स्तरीय जांच हो।असामान्य रूप से बढ़े बिलों को तत्काल रद्द कर वास्तविक खपत के आधार पर नए बिल जारी किए जाएं।जांच पूरी होने तक उपभोक्ताओं पर कोई दंडात्मक कार्रवाई न हो।स्मार्ट मीटर लगाने में शामिल सभी कंपनियों के नाम, उनकी कार्यप्रणाली और ठेके सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध कराए जाएं।

# दर्शन मात्र से होती है मनोकामना पूर्ण

### गरमेटा पर्वत शिव धाम में सावन सोमवार पर विविध कार्यक्रम शिवलिंग का प्रतिदिन होता है श्रृंगार



अमरवाड़ा। सतपुड़ा की वादियों में स्थित अमरवाड़ा आदिवासी बहुल क्षेत्र है क्षेत्रफल की दृष्टि से छिंदवाड़ा जिले की सबसे बड़ी विधानसभा अमरवाड़ा है अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में चारों और चमत्कारी सिद्ध मंदिर स्थित है अभी श्रावण मास में अमरवाड़ा नगर की आस्था का केंद्र गरमेटा पर्वत शिव धाम मंदिर घर गरमेटा पर्वत पर स्थित है शिव धाम मंदिर के चारों ओर प्राकृतिक हरियाली और प्राकृतिक छटा मन को प्रफुल्लित कर देती है शाम का नजारा तो देखने लायक ही होता है शिव धाम मंदिर पर दिन भर लोगों का आना जाना बना हुआ होता है अभी श्रावण मास पर विशेष पूजा अर्चना के साथ शिवलिंग का श्रृंगार किया जा रहा है विशेष पूजा अर्चना के साथ अभिषेक हो रहा है मंदिर के अंदर बनी आकर्षण आत्मक कलात्मक कलाकृति देखते ही बनती है दूर-दूर से लोग जब हाईवे रोड से निकलते हैं तो एक बार मंदिर जरूर आते हैं शिवरात्रि में यहां मेला लगता है शिव धाम मंदिर में प्रतिदिन भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग का विशेष श्रृंगार किया जाता है केदारनाथ से रामेश्वरम के बीच एक ही देशांतर 79 डिग्री पर स्थित है गरमेटा पर्वत शिव धाम मंदिर गरमेटा पर्वत शिव धाम भारत में केदारनाथ से रामेश्वरम एक ही देशांतर 79 अक्षांश पर स्थित है अमरवाड़ा का चमत्कारी शिव धाम मंदिर गरमेटा पर्वत प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय मंदिरों और धर्म से जुड़े कुछ ऐसे तथ्यों पर एक खोज हुई है जिसमें पता चला है खोज में यह साबित किया गया है कि भारतीय मंदिरों के बारे में धर्म शास्त्र में जो विवरण मिलता है वह मिथक नहीं विज्ञान सम्मत है इसका उदाहरण भगवान शिव के 8 प्रसिद्ध मंदिर है जिसका निर्माण कई शताब्दी पहले हुआ है सुदूर उत्तर से दक्षिण तक फैली यह सभी मंदिर 79 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित है यानी ईशान दिशा में इन सभी मंदिरों का निर्माण अलग-अलग राजाओं ने करवाया है उस समय से आज तक के जैसे जीपीएस सिस्टम भी नहीं था फिर भी सभी मंदिरों में एक ही डिग्री देशांतर बताता है कि वैदिक विज्ञान और आज के विज्ञान से कहीं आगे था इसी वजह से आज भी यह मंदिर चमत्कारी रूप से भक्ति आस्था और ऊर्जा का केंद्र है शायद यही वजह है कि भारतवर्ष में हिंदू जन अपने जीवन काल में इन मंदिरों में भोलेनाथ के जरूर दर्शन कर अपनी मनोकामना पूर्ण करते हैं इसी कड़ी में आश्चर्यजनक रूप से केदारनाथ मंदिर से रामेश्वरम मंदिर मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा तहसील में बने 79 डिग्री पूर्वी देशांतर में स्थापित शिव धाम मंदिर गरमेटा पर्वत में स्थापित भव्य भोलेनाथ के शिवलिंग की महिमा भी चमत्कारी है

# मप्र शासकीय वाहन चालक यांत्रिक कर्मचारी संघ की वार्षिक महासमिति की बैठक का आयोजन छिंदवाड़ा में किया गया




भोपाल। मध्य प्रदेश शासकीय वाहन चालक यांत्रिक कर्मचारी संघ की वार्षिक महासमिति की बैठक का आयोजन 20 जुलाई 2025 छिंदवाड़ा में किया गया, संघ के प्रदेश अध्यक्ष साबिर खान द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया महासमिति में मुख अतिथि छिंदवाड़ा के महापौर माननीय श्री विक्रम सिंह आहके जी नगर निगम छिंदवाड़ा के अधिकारी प्रदेश के अनेक जिलों से आए संघ के प्रांतीय पदाधिकारी, संभागीय अध्यक्ष जिला अध्यक्ष, तहसील एवं ब्लॉक अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, सदस्यों की गौरवमय उपस्थित मैं प्रारंभ किया गया बैठक को प्रांतीय पदाधिकारी, संभागीय अध्यक्ष जिला अध्यक्ष, तहसील एवं ब्लॉक अध्यक्ष पदाधिकारी उपस्थित हुए उपस्थित पदाधिकारी द्वारा महासमिति में संबोधन करते हुए अपने सुझाव रखे गए। जिसमें महत्वपूर्ण वाहन चालकों की भर्ती पर लगा प्रतिबंध हटाने, शासकीय वाहन क्रय करने, कार्यभारित कर्मचारियों को 300 दिवस का अवकाश नगदी कारण का लाभ दिलाने, विनियमित एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने हेतु सरकार से चर्चा कर पत्र व्यवहार किया जाए और यदि सरकार पत्रों के माध्यम से नहीं माने तो आंदोलन करने करा जाए, निष्क्रिय जिला शाखाओ और निष्क्रिय पदाधिकारी पर कार्रवाई की जाए, संघ के संविधान में संशोधन करते हुए प्रांत अध्यक्ष के चुनाव को सरल करने एवं अन्य बिंदुओं में आंशिक संशोधन करने का प्रस्ताव पारित किया गया। संघ का लेखा-जोखा एवं वार्षिक आय व्यय संघ के महामंत्री रियाज मोहम्मद एवं कोषाध्यक्ष रफीक खान द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसे उपस्थित सदस्य द्वारा करतल ध्वनि से पारित किया। महासमिति में उपस्थित मुख्य अतिथि छिंदवाड़ा के महापौर को छिंदवाड़ा नगर पालिका निगम के समस्त कर्मचारियों की मांगों का ज्ञापन संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री साबिर खान द्वारा सौंप कर निवेदन किया है जिसे महापौर ने महासमिति के मंच से ही घोषणा करी के निगम के कर्मचारियों की सारी समस्याओं का समाधान किया जाएगा और उनकी मांगे तत्काल पूर्ण की जाएगी उपस्थित सदस्यो द्वारा महापौर महोदय का गर्म जोशी के साथ करताल धोनी से स्वागत किया।

प्रदेश अध्यक्ष साबिर खान द्वारा महापौर महोदय का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया तत्पश्चात छिंदवाड़ा महापौर महोदय द्वारा संघ के प्रदेश अध्यक्ष साबिर खान का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से भी स्वागत सम्मान किया। महासमिति की बैठक का संचालन संघ के महामंत्री रियाज मोहम्मद द्वारा किया गया तथा महासमिति का आयोजन छिंदवाड़ा जिला शाखा अध्यक्ष श्री मनोज पांडे पदाधिकारी द्वारा किया गया। छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष श्री मनोज पांडे ने में मनोज पांडे जी ने उपस्थित समाज सदस्यों का महासमिति में उपस्थित होने पर माहसमिति की बैठक में उपस्थित होने पर सभी का आभार व्यक्त बैठक का समापन करने की घोषणा की

कावड़ यात्रा





उज्जैन में शिव भक्तों ने दूसरे सावन सोमवार को भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई।

## शिव मंदिरों में गूंजा हर हर महादेव





भोपाल के शिव मंदिरों में सावन सोमवार पर भगवान भोले की पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर बेलपत्र आदि से बाबा को अर्पित किए।

# मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विधानसभा 1 को दी 6 करोड़ की विकास सौगात

## उद्यानों में झूले-जिम की सुविधा और सफाई मित्रों का किया सम्मान

**इंदौर।** जनता की सेवा ईश्वर की सेवा के समान है और जनता साक्षात ईश्वर का स्वरूप है इसलिए हम सदैव जनसेवा में लगे रहते हैं। इससे ईश्वर की सेवा के फल के समान फल हमें प्राप्त हो जाता है। यह बात नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कही। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय के साथ रविवार को विधानसभा क्षेत्र 1 के वार्ड 4 में 6 करोड़ से अधिक की लागत के 21 विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। साथ ही विधानसभा 1 के बगीचों में लगाने के लिए ढाई करोड़ से अधिक की लागत के ओपन जिम सेट और झूले-चकरी दिए गए। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि एक समय 100 में से 5 बच्चों को चश्मा लगता था, लेकिन अब 100 में से 30 बच्चों को चश्मा लगने लगा है। बच्चे मोबाइल की लत के शिकार हो रहे हैं। माताओं से मेरा निवेदन है कि बच्चों को फास्टफूड से दूर रखें। घर का बना हुआ पौष्टिक खाना खिलाए, जिससे बच्चों का बेहतर शारीरिक और मानसिक विकास हो सके। मैदा के बने फास्टफूड बच्चों की सेहत को बिगाड़ रहे हैं। आपका पेट कोई डस्टबीन नहीं है। मेरी माँ कोयले की सिगड़ी पर पराठे बनाकर खिलाती थी



और हम खूब खाते भी थे, क्योंकि दिनभर साइकिल चलाते थे तो एक्सरसाइज हो जाती थी, जिससे अच्छी भूख लगती थी। आजकल बच्चों की जिदगी से व्यायाम शब्द निकल गया है।

**माताएं अपनी बेटियों को संस्कार दें-** लव जिहाद पर उन्होंने कहा कि माताएं अपनी बेटियों को संस्कार दें ताकी वे समाज में फैल रहे लव जिहाद के जहर से बच सके। लड़के हिंदू नाम रखकर बच्चियों को बहला-फुसला कर उनका जीवन खराब कर रहे हैं। हमारी विधानसभा में एक बेटी की वजह से उसके माता-पिता को नीचा देखना पड़ा है। इसलिए अपने बच्चों को संस्कारित बनाएं। मेरी माँ रामचरित मानस के 10 दोहे सुनाने पर दूध देती थी और 10 दोहे सुनाने पर ही भोजन देती थी। रात में रामचरित मानस का पाठ अर्थ सहित पढ़ना अनिवार्य था, जिससे श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतार सकें। आजकल के सीरियल विकृति फैला रहे हैं। इसलिए बच्चों को बगीचों में भेजे, जिससे वह व्यायाम करने के साथ-साथ उनका सामाजिक दायरा भी बढ़ेगा।

### उद्यानों में लगेंगे ओपन जिम सेट और झूले-चकरी

कार्यक्रम में विधानसभा 1 के समस्त बगीचों में लगाने के लिए ढाई करोड़ की लागत के ओपन जिम सेट और झूले-चकरी सौंपे गए। ओपन जिम में एक्सरसाइज की सात तरह की मशीने हैं, वहीं बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले-चकरी, सीसा झूला, फिसलपट्टी आदी दिए गए। क्षेत्र के सभी बगीचों के रखरखाव के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा। इस समिति में 10 स्थानीय रहवासी रहेंगे, जो बगीचे के रखरखाव से संबंधित जानकारियों से समय-समय पर अवगत करवाते रहेगे और अपने सुझाव देंगे।

### स्वच्छता के विजेता सफाई मित्रों का सम्मान

कार्यक्रम का आयोजन शिक्षक नगर के स्वर्गीय गोपाल मालू उद्यान में किया गया था। इस अवसर पर इंदौर को आठवी बार स्वच्छता का सिरमौर बनाने पर वार्ड 4 के समस्त महिला सफाई मित्रों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया और उपहार स्वरूप उनको साड़ी भेंट की गई। अपने परिश्रम का सम्मान मिलने पर सफाई मित्रो ने प्रसन्नता का इजहार किया। इस मौके पर कार्यक्रम में आए रहवासियों मे क्षेत्र के विकास के लिए कैलाश विजयवर्गीय का आभार व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया। एक बगिया माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत गार्डन में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, क्षेत्र 1 के समस्त भाजपा पार्षद, 6 मंडलों के अध्यक्ष, के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, स्थानीय रहवासियों के साथ ही प्रशासनिक अमले से संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का क्षेत्र वासियों ने ढोल-ताशों, हार-फूल, केसरिया दुपट्टों के साथ भव्य स्वागत किया।

### एप से मिलेगी क्षेत्र की सुविधाओं की जानकारी

आकाश विजयवर्गीय ने कहा कि हम मंत्री कैलाश विजयवर्गीयके नेतृत्व में विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। हमारा संकल्प है कि हर घर-परिवार को बेहतर सुविधाएं मिले। अच्छी सड़कें, बिजली, पानी, स्वास्थ सेवाएं, स्कूल आदि आम आदमी की बुनियादी जरूरते हैं और हम इन सभी सुविधाओं को विधानसभा क्षेत्र 1 को दे रहे हैं। हमने क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में पानी की समस्या का समाधान करते हुए 8-8 बोरिंग लगवाए, लेकिन इसके बावजूद हमारी कोशिश यही है कि जल्द क्षेत्र के हर रहवासी के घर नर्मदा जल पहुंचे। क्षेत्र में एक किलोमीटर के दायरे में उन्नत सरकारी स्कूल होना चाहिए। यदि कोई सरकारी स्कूल पहले से है तो उसको उन्नत करेंगे और कम्प्यूटर लैब से लेकर समस्त बेहतर सुविधाएं प्रदान करेंगे और यदि नहीं है तो एक नया स्कूल वहां पर बनवाएंगे। क्षेत्रवासियों के बेहतर स्वास्थ सुविधाएं मिले इसके लिए संजीवनी क्लिनिक की व्यवस्था की जा रही है। हमने अभी एक अभिनव प्रयोग किया है और क्षेत्र की दो संजीवनी क्लिनिक को चलाने के लिए अरबिंदो अस्पताल के साथ एक समझौता किया है, क्योंकि हमारा उद्देश यही है कि बेहतर स्वास्थ सुविधाएं मिले। क्षेत्र में बगीचों को आज ओपन जिम और झूले-चकरी की सौगात मिल रही है। हम क्षेत्र के सभी उद्यानों का कायापलट कर रहे हैं। इसके साथ ही हम दो एप भी बनाने जा रहे हैं। एक एप से आपको इस बात की जानकारी मिलेगी की कि आपके घर के नजदीक कौनसा अस्पताल, स्कूल, आंगनवाड़ी आदी जरूरी सुविधाएं है और वे कहां पर हैं। दूसरे एप से आपको इस बात की जानकारी मिल जाएगी कि आपके क्षेत्र में कितना विकास हुआ है और कहां-कहां पर विकास कार्य चल रहे हैं।

# मांडू में कांग्रेस विधायकों की ट्रेनिंग शुरू, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने किया उदघाटन

**मांडू।** धार जिले के मांडू में कांग्रेस के नव संकल्प शिविर का उदघाटन हुआ। दो दिवसीय नव संकल्प शिविर में करीब 12 सत्र होंगे, जिनमें नेता और विषय-विशेषज्ञ (एक्सपर्ट) विधायकों को संबोधित करेंगे। पूर्व सीएम कमलनाथ वर्चुअल जुड़कर एक सत्र को संबोधित करेंगे। मोटिवेशनल स्पीकर सोनू शर्मा विधायकों को जनप्रतिनिधि की भूमिका, नेतृत्व, अनुशासन और संगठनात्मक एकता पर संबोधित करेंगे। राज्यसभा सांसद और सीनियर एडवोकेट विवेक तन्खा फर्जी मुकदमों और जांच एजेंसियों के दुरुपयोग पर संवैधानिक प्रतिरोध के







उपाय बताएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ वर्चुअली जुड़कर एक सत्र को संबोधित करेंगे। इस सत्र में वे मध्यप्रदेश का भविष्य और आर्थिक नीति विषय पर प्रदेश की आर्थिक चुनौतियों, अवसरों और विकास की रूपरेखा पर अपना वक्तव्य देंगे।दोपहर एक बजे से 45 मिनट का लंच ब्रेक होगा। कांग्रेस के मीडिया और कम्युनिकेशन विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन खेड़ा मीडिया मैनेजमेंट के गुर सिखाएंगे। विधायकों को वे यह बताएंगे कि नरेटिव सेट करने के लिए कम्युनिकेशन के माध्यम से कांग्रेस की विचारधारा को मजबूती से कैसे प्रस्तुत किया जाए। विधानसभा के पूर्व प्रमुख सचिव भगवानदेव इसराणी विधायकों को सत्ता पक्ष पर रणनीतिक प्रहार की रणनीति बताएंगे। सरकार की विफलताओं पर आरटीआई, ऑडिट रिपोर्ट और विधानसभा के नियमों के जरिए घेरने की बारीकियों को बताएंगे। अंतिम सत्र में 2028 के विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीतिक चर्चा होगी। इस सत्र में हर समूह में हुई चर्चा में निकले निष्कर्ष को शेयर किया जाएगा। इसी सत्र में संगठन सृजन अभियान, जातिगत जनगणना के मुद्दे पर चर्चा होगी। इस सत्र में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी वर्चुअली संबोधन दे सकते हैं। सेवादल की टीम के साथ प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने ध्वजारोहण किया।राष्ट्गान के साथ शिविर की शुरुआत हुई। जिसमें सभी वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहे। कांग्रेस के ट्रेनिंग कैंप में पहुंचे विधायकों का आदिवासी परंपरा से स्वागत किया गया।

### इंदौर को फूड कैपिटल बनाने की दिशा में बड़ा कदम

# जीडीपी दोगुनी करने और कनेक्टिविटी सुधारने सांसद लालवानी का रोडमैप तैयार

**इंदौर।** प्रतिदिन 100 टन नमकीन और खाद्य सामग्री का निर्यात इस शहर को देश ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर भी एक महत्वपूर्ण खाद्य केंद्र बनाता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए सांसद शंकर लालवानी ने शहर को 'फूड कैपिटल ऑफ इंडिया' के रूप में विकसित करने की दिशा में गंभीर प्रयासों की बात कही। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में इंदौर को इस ख्याति तक पहुंचाना न केवल संभव है, बल्कि इसके लिए हर स्तर पर ठोस योजना बनाई जा रही है। यह घोषणा उन्होंने संस्था सेवा सुरभि द्वारा आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में विशेषज्ञों और उद्यमियों के समक्ष की। सांसद लालवानी ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी शहर की आर्थिक प्रगति में कनेक्टिविटी की भूमिका अहम होती है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में



इंदौर से छह दिशाओं में ट्रेन सेवाएं शुरू करने का लक्ष्य है, जिससे शहर की देश के अन्य हिस्सों से सीधी और तीव्र गति से जुड़ाव संभव होगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जहां कभी दक्षिण भारत पहुंचने में 19-20 घंटे लगते थे, वह अब घटकर 10 घंटे तक रह जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क और एयर कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना, जीडीपी वृद्धि की दिशा में एक आवश्यक कदम होगा।

### इंदौर की जीडीपी को दोगुना करने का रोडमैप प्रस्तुत

बैठक में सांसद ने 2030 तक इंदौर की जीडीपी दोगुनी करने के लक्ष्य को लेकर एक विस्तृत ब्लू प्रिंट पेश किया। उन्होंने कहा कि अगर सभी सेक्टर–जैसे कि उद्योग, कृषि, निर्माण और सेवा क्षेत्र–संगठित ढंग से काम करें तो यह लक्ष्य पूरी तरह से प्राप्त किया जा सकता है। कोविड के बाद इंदौर में अंतरराष्ट्रीय निवेशकों की रुचि बढ़ी है, और इसकी वजह यहां की स्वच्छता, जलवायु और सामाजिक वातावरण है।

# सरकार के खिलाफ प्रदेश की जनता के हित में हरसंभव लड़ाई लड़ेगी कांग्रेसः सिंघार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने धार जिले के मांडव में आयोजित हो रहे नव संकल्प शिविर के उद्घाटन संबोधन में कहा कि नव संकल्प



शिविर का आयोजन कांग्रेस की परंपरा है। बीजेपी की सरकार हर तरफ़ घोटालों में घिरी हुई है। प्रदेश की जनता त्रस्त है। कांग्रेस आदिवासियों के लिए जल जंगल ज़मीन की लड़ाई लड़ेगी। युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए, किसानों को खाद बिजली, पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने के लिए आज यहाँ नव संकल्प शिविर में आयें हैं हम आगे की बढ़ने दिशा तय करने के लिए गहन चिंतन मनन करेंगे। महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की लड़ाई कांग्रेस पार्टी लड़ेगी। मध्यप्रदेश की जनता की भलाई के लिए हम संकल्प ले रहें हैं और आप सबके सुझाव आमंत्रित हैं जहाँ कहीं कोई सुधार की आवश्यकता है उसे सुधारकर हम एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे।

# राखियां भेजने के लिए डाकघरों में लगाए पीले लेटर बॉक्स


**रायपुर।** रक्षाबंधन के अवसर पर बहनें देश के किसी भी कोने में रहने वाले अपने भाइयों को राखी भेजती हैं। इसी भावनात्मक जुड़ाव को और मजबूत करने के लिए भारतीय डाक विभाग ने हर वर्ष की तरह डाकघरों में पीली पेटियां स्थापित कर दी हैं। पीली पेटियों में केवल राखियां और उनसे संबंधित पत्र ही स्वीकार किए जाएंगे। इन्हें अन्य डाक पेटियों से अलग दिखाने के लिए पीले रंग में तैयार किया गया




है। इन पेटियों की डाक को प्रतिदिन विशेष रूप से खोला जाएगा और स्पीड पोस्ट व रजिस्टर्ड डाक को प्राथमिकता के साथ प्रोसेस कर समय पर डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही ट्रैकिंग की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। डाक विभाग के अधीक्षक ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि हर राखी समय पर सुरक्षित तरीके से भाई तक पहुंचे। रायपुर, बिलासपुर सहित कोरबा, मुंगेली और जांजगीर में भी प्रमुख डाकघरों और उपडाकघरों में पीली पत्र पेटियां लगाई गई हैं। उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि वे राखी वाले पत्र इन्हीं पेटियों में डालें या काउंटर पर जमा करें।

# भोपाल के टीआई रूपेश दुबे ने पत्नी से विवाद के बाद खाया जहर, आईसीयू में भर्ती

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में निशातपुरा थाना प्रभारी रूपेश दुबे ने शनिवार देर रात पारिवारिक विवाद के बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना के बाद उन्हें गंभीर हालत में भोपाल के नेशनल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां वे आईसीयू में हैं। जानकारी के अनुसार, दुबे का पत्नी से फोन पर विवाद हुआ था, जिसके बाद



उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया। रूपेश दुबे वर्तमान में निशातपुरा थाने के प्रभारी हैं और थाने के पास ही एक किराये के कमरे में रहते हैं, जबकि उनकी पत्नी और बच्चे कोलार स्थित उनके निजी मकान में रहते हैं। शनिवार रात पत्नी से फोन पर विवाद के बाद दुबे ने घर न आने की बात कही, जिसके बाद उन्होंने जहर खा लिया। पत्नी को जब इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने तुरंत थाने के स्टाफ को सूचना दी और थाने की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्रा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी देर रात अस्पताल पहुंचे और टीआई दुबे की हालत पर नजर बनाए हुए हैं। शहर के कई थाना प्रभारियों और पुलिस अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर जानकारी ली। दुबे के कई बैचमेट्स भोपाल के विभिन्न थानों में पदस्थ हैं, जिनमें टीआई मनीषराज सिंह भदौरिया और सुधीर अरजरिया भी शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, टीआई दुबे और उनकी पत्नी के बीच पिछले कुछ महीनों से मतभेद चल रहे थे।

# 6.40 करोड़ से निर्मित संयुक्त तहसील भवन जनता को समर्पित किया गया







**भोपाल।** बैतूल में 6.40 करोड़ से निर्मित संयुक्त तहसील भवन जनता को समर्पित किया गया। ग्राम पंचायत कढ़ाई के सोनाघाटी में पुलिस चौकी की स्थापना के लिए भूमि पूजन किया गया। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार एवं नगर पालिका अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, इंडोर स्टेडियम, ट्रैक निर्माण को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पुलिस ग्राउंड, उत्कृष्ट स्कूल ग्राउंड एवं लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम का निरीक्षण कर दिशा-निर्देश दिए




गए। जवाहर वार्ड में कायाकल्प 2.0 योजना अंतर्गत गंज तांगा स्टैंड से बाबू चौक (एचडीएफसी बैंक) तक 1.88 करोड़ की लागत से सीसी रोड, आरसीसी कवर्ड नाली ,रोड डिवाइडर, पाथवे एवं सेंट्रल लाइटिंग निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।इंदिरा वार्ड में सतपाल आश्रम के सामने 92.50 लाख की लागत से स्वागत द्वार, सीसी रोड एवं ह्यूम पाइप नाली निर्माण कार्यों का भूमि पूजन कर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने सम्बोधित किया। खंडेलवाल ने श्री हंस कीर्ति आश्रम (सतपाल आश्रम) पहुंचकर सतपाल महाराज का पूजन -अर्चन किया व महात्मा सौम्यानंद एवं भावनानंद का आशीर्वाद लिया। खंडेलवाल ने कहा, भारतीय जनता पार्टी, कार्यकर्ता आधारित दल है। जिसका कार्यकर्ता अंत्योदय और राष्ट्वाद की प्रेरणा को लेकर सतत कार्य करता है। जबलपुर प्रवास के दौरान मिले आप सभी के अपार स्नेह हेतु हार्दिक आभार एवं धन्यवाद!

● सांसद की बैठक में लिया गया बड़ा फैसला

# भोपाल में ई-रिक्शा पर लगी रोक, बच्चों के स्कूल जाने के लिए सुरक्षित नहीं सवारी

**भोपाल।** राजधानी में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ई-रिक्शा पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने इन्हें बच्चों के लिए जोखिमभरा मानते हुए यह निर्णय लिया। अब सोमवार से ई-रिक्शा के जरिए स्कूली बच्चों को ले जाना पूरी तरह वर्जित होगा। इस संबंध में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। आदेश में उल्लेख है कि कई स्कूली छात्र-छात्राओं को ई-रिक्शा के जरिए घर से स्कूल लाया और ले जाया जा रहा है, जो बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से उपयुक्त नहीं है। इन वाहनों के असंतुलित होने और पलटने की संभावना अधिक होती है। चूंकि बच्चों की सुरक्षा



सर्वोपरि है, इसलिए उनके परिवहन में ई-रिक्शा के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**स्कूल ई-रिक्शा अब नहीं चलेगा-** सांसद आलोक शर्मा की अध्यक्षता में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के उद्देश्य से एक बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक के दौरान कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने स्कूली छात्रों के परिवहन में ई-रिक्शा के उपयोग पर चिंता जताई और इन्हें प्रतिबंधित करने की सिफारिश की। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि छोटे बच्चों को ई-रिक्शा में स्कूल भेजना सुरक्षित नहीं है। बैठक के बाद कलेक्टर ने इस संबंध में आधिकारिक आदेश भी जारी कर दिए।